■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक -48

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 30 दिसंबर , 2024




नगर निगम करेगा 125 प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार 8

पान मसाला व्यवसायी को धमकी, व्यापार करना है तो रुपए दे दो, नहीं तो जान से मार दूंगा 5

## महाकुंभ का संदेश एकता स्थापित करना और समाज से नफरत को खत्म करना है: पीएम मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'महाकुंभ' को ''एकता का महाकुंभ'' बताया और लोगों से इस आगामी भव्य धार्मिक समागम से समाज से नफरत और विभाजन को खत्म करने के संकल्प के साथ लौटने का आग्रह किया। मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा, ''महाकुंभ का संदेश एक हो पूरा देश।''

उन्होंने प्रयागराज में अगले साल 13 जनवरी से आयोजित इस समागम में शामिल होने वाले लोगों की विविधता के मद्देनजर कहा कि विविधता में एकता के ऐसे दृश्य का कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। उन्होंने कहा, ''महाकुंभ की विशेषता न केवल इसकी विशालता बल्कि इसकी विविधता में भी है।''

यह विशाल धार्मिक आयोजन हर 12 साल में आयोजित किया जाता है। मोदी ने कहा कि आगामी गणतंत्र दिवस संविधान के लागू होने की 75वीं वर्षगांठ होगी जो देशवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा, ''यह हमारा मार्गदर्शक है।''

मोदी ने कहा कि वह अपने जीवन में इस स्तर तक संविधान के कारण ही पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को संविधान के प्रावधानों और भावना से जोड़ने के लिए 'कॉन्स्टीट्यूशन75डॉटकॉम' नामक एक वेबसाइट शुरू की गई है।विपक्षी दल केंद्र सरकार पर संविधान को कमजोर करने का अक्सर आरोप लगाते रहे हैं, जिसका सत्तारूढ़ दल ने जोरदार खंडन किया है। मोदी ने संवैधानिक मूल्यों एवं भावना को मजबूत करने के अपनी सरकार के प्रयासों का कई बार जिक्र किया है और मुख्य विपक्षी कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि जब भी वह सत्ता में रही, उसने संविधान को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया।

## दक्षिण कोरिया में विमान दुर्घटना में 179 यात्रियों की मौत

### लैंडिंग गियर में खराबी के कारण रनवे पर फिसला

सोल। दक्षिण कोरिया में एक हवाई अड्डे पर उतरते समय विमान में आग लग गई। इसके बाद विमान टूटकर टुकड़ों में बिखर गया। दुर्घटना स्थल से धुएं का घना गुबार उठने लगा। इस हादसे में 179 लोगों की जान चली गई। अब तक एक यात्री और एक चालक दल के सदस्य को बचा लिया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।आपातकालीन कार्यालय ने बताया कि दक्षिणी शहर मुआन के हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ 'जेजू एयर' यात्री विमान 181 लोगों को लेकर बैंकॉक से लौट रहा था। कार्यालय के मुताबिक, विमान 'लैंडिंग गियर' में खराबी के कारण रनवे से फिसलकर एक अवरोधक से जा टकराया जिससे उसमें आग लग गई। माना जा रहा है कि दुर्घटना पक्षी के टकराने के कारण हुई जिसके कारण लैंडिंग गियर में खराबी आ गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में बचाए गए दो लोगों को छोड़कर सभी 179 लोगों की जान चली गई। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि वे शवों को बरामद करने के लिए खोज अभियान चला रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दुर्घटना के तुरंत बाद एक यात्री



और एक चालक दल का सदस्य (दोनों महिलाए) को बचा लिया गया और उनका मोकपो के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। बैंकॉक से लौट रहे विमान में चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल 181 लोग सवार थे। विस्फोट के कारण विमान लगभग पूरी तरह नष्ट हो गया। दक्षिण जिओला के अधिकारियों ने उच्चतम स्तर पर आपातकालीन अलर्ट जारी किया और दुर्घटना स्थल पर सभी उपलब्ध बचाव और पुलिस कर्मियों को तैनात किया।

## बस दुर्घटना: पंजाब के मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने की घोषणा की



पंजाब। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजन को दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को बठिंडा बस दुर्घटना में मारे गये आठ लोगों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मान ने दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

पंजाब के बठिंडा जिले में शुक्रवार को एक निजी बस पुल की रेलिंग से टकराकर नाले में गिर गई थी, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। मुख्यमंत्री ने पहले ही जिला प्रशासन को घायलों को निश्शुल्क इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजन को दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा है भाजपा: अखिलेश यादव

लखनऊ में सपा के राज्य मुख्यालय में खनगर समुदाय से बड़ी संख्या में एकत्र लोगों को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि संविधान लागू करने के लिए अच्छे लोगों की जरूरत है।समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा है। समाजवादी पार्टी की ओर से जारी एक बयान में अखिलेश यादव ने कहा,'' भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या करती है। लोगों को संविधान से मताधिकार मिला हुआ है, लेकिन भाजपा मतदान करने का अधिकार छीन रही है।

इन उपचुनावों में मतदाताओं को लूटा गया। लोगों को पुलिस प्रशासन के जरिए मतदान करने से रोका गया।''लखनऊ में सपा के राज्य मुख्यालय में खनगर समुदाय से बड़ी संख्या में एकत्र लोगों को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि संविधान लागू करने के लिए अच्छे लोगों की जरूरत है। बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा दिया गया संविधान गरीबों, किसानों, वंचित तबकों को मजबूती देता है। भाजपा संविधान को कमजोर कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा फर्जी समाचार का उद्गम स्थल है। यह फर्जीवाड़ा और झूठ फैलाती है, विपक्षियों के खिलाफ झूठे मामले दायर करती है और समाजवादी पार्टी के नेतृत्व को बदनाम करने का हमेशा षड़यंत्र करती है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने संवैधानिक संस्थानों को कमजोर किया है और यह तानाशाही की राह पर है।

## संभल में जामा मस्जिद पास पुलिस चौकी, भड़के असदुद्दीन ओवैसी, योगी सरकार पर साधा निशाना

संभल। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को संभल में जामा मस्जिद के पास पुलिस चौकी के निर्माण पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के पास शराब बार और पुलिस चौकियों के अलावा किसी और चीज के लिए पैसा नहीं है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि संभल में जामा मस्जिद के सामने पुलिस चौकी बनाई जा रही है। देश के किसी भी कोने में चले जाइये, वहां की सरकार न तो स्कूल खोलती है और न ही अस्पताल। अगर कुछ बना है तो वह है पुलिस चौकी और शराबखाना। ओवैसी ने आगे कहा कि सरकार के पास किसी और चीज़ के लिए पैसे नहीं होते, बस पुलिस चौकी और शराब खाने के लिए पैसे होते हैं। डेटा खुद ये कहता है कि मुसलमानों के इलाकों में सबसे कम सरकारी सुविधाएँ फ़राहम की जाती हैं। संभल में जामा मस्जिद के पास एक नई पुलिस चौकी का निर्माण शुरू हो गया है और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) को तैनात किया गया है। यह विकास क्षेत्र में हाल की हिंसा के बाद आया है, जिसके परिणामस्वरूप लोग हताहत हुए



हैं, और इसका उद्देश्य सुरक्षा को मजबूत करना और आगे की अशांति को रोकना है।एएसपी संभल श्रीश चंद्र ने कहा कि संभल की जामा मस्जिद के पास की जगहों की सुरक्षा के लिए इस पुलिस चौकी का निर्माण कराया जा रहा है। इसी उद्देश्य से निर्माण कराया जा रहा है। एसपी कृष्णन कुमार बिश्नोई ने जोर देकर कहा कि सुरक्षा बढ़ाने, न्याय की सुविधा और बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस चौकियां स्थापित की जा रही हैं। जिला मजिस्ट्रेट डॉ राजिंदर पेंसिया ने यह भी साझा किया कि कुओं को फिर से खोलने के प्रयास चल रहेहैंऔर संभल मेंसुरक्षा बढ़ाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

## प्लासियो मॉल में घुसने से रोका तो प्रापर्टी डीलरों ने गार्डों को पीटा, चलाई गोलियां...पुलिस ने तीन को दबोचा

गोसाईगंज/लखनऊ, अमृत विचार। फीनिक्स प्लासियो मॉल में शुक्रवार रात नशे की हालत में मारपीट कर रहे युवकों को गार्डों ने बाहर निकाल दिया। इसपर आधा दर्जन युवकों ने दोबारा अंदर घुसने का प्रयास किया। गार्ड ने रोका तो मारपीट की। इसी दौरान एक युवक ने असलहा निकालकर कई राउंड फायरिंग कर। गोलियों की आवाज सुनकर इलाके में दहशत फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया। गार्ड दीपक कुमार यादव की शिकायत पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने हत्या का प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में बस्ती जिले की आवास विकास कालोनी निवासी अमित तिवारी, प्रयागराज की शिवकुटी निवासी अभिषेक जायसवाल और पवन मौर्य है। तीनों आरोपी प्रापर्टी डीलर हैं। अभी तक की जांच में सामने आया कि शुक्रवार देर रात मॉल के अंदर एक बार से नशे में धुत हो कर निकले। कुछ युवकों ने लिफ्ट में आपस में मारपीट शुरू कर दी। वहां मौजूद बाउंसरों ने मारपीट कर रहे युवकों को मॉल के बाहर कर दिया।कुछ देर बाद फिर से मॉल में जाने के लिए उपद्रव शुरू कर दिया। जिस पर गेट पर मौजूद गार्ड दीपक कुमार यादव ने साफ मना कर दिया। इसपर कहासुनी और गाली गलौज के बीच मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान गुट में शामिल एक युवक ने पिस्टल निकालकर कई राउंड फायरिंग की। फायरिंग देख गार्ड ने किसी तरह भागकर जान बचाई। गार्ड ने फायरिंग की सूचना डायल-112 पर दी। पुलिस ने घटनास्थल से .32 बोर के दो खोखे बरामद किए हैं। पुलिस ने सीसी फुटेज और वायरल वीडियो के आधार पर शनिवार को तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि फरार अन्य आरोपियों की तलाश के लिए तीन टीमों को लगाया गया है। एक कार और एक बाइक भी बरामद की गई है। गंभीर घटना में पुलिस कितनी गंभीर है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पुलिस तीनों आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई कर छोड़ रही थी। इसी दौरान सोशल मीडिया पर फायरिंग का वीडियो वायरल हुआ तो डीसीपी साउथ ने मामले को संज्ञान में लिया।

## मध्यप्रदेश के गुना में 140 फुट गहरे बोरवेल में गिरा बच्चा, बचाव अभियान जारी

रायपुर। मध्यप्रदेश के गुना जिले में शनिवार शाम 10 वर्षीय एक बालक 140 फुट गहरे खुले बोरवेल में गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि बालक को बचाने के लिए अभियान जारी है। अधिकारियों के मुताबिक यह घटना जिले के राघोगढ़ इलाके में घटी।गुना जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर पिपलिया गांव में शाम करीब पांच बजे सुमित मीणा नामक बालक बोरवेल में फिसल गया। राघोगढ़ के कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने घटनास्थल से पीटीआई- को बताया कि बच्चा करीब 39 फुट की गहराई में फंसा हुआ है।उन्होंने बताया कि सुमित को बचाने के लिए एक समानांतर गड्ढा खोदा गया है। गुना के जिलाधिकारी सतेंद्र सिंह ने बताया कि बोरवेल करीब 140 फुट गहरा है। उन्होंने बताया कि बच्चे को बचाने के लिए बोरवेल के समानांतर 25 फुट गहरा गड्ढा खोदा गया है।जिलाधिकारी ने बताया कि बोरवेल में पानी नहीं आया था, इसलिए उसे ढका नहीं गया था।

## मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार पर सियासत, राहुल ने मोदी सरकार पर लगाया अपमान का आरोप



नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार उनके स्मारक के लिए निर्दिष्ट स्थान के बजाय निगम बोध घाट पर करके उनका अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सिंह देश के सर्वोच्च सम्मान और एक स्मारक के पात्र हैं। राहुल ने एक्स पर लिखा कि भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार आज निगमबोध घाट पर करवाकर वर्तमान सरकार द्वारा उनका सरासर अपमान किया गया है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि एक दशक के लिए वह भारत के प्रधानमंत्री रहे, उनके दौर में देश आर्थिक महाशक्ति बना और उनकी नीतियां आज भी देश के गरीब और पिछड़े वर्गों का सहारा हैं। उन्होंने आगे लिखा कि आज तक सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की गरिमा का आदर करते हुए उनके अंतिम संस्कार अधिकृत समाधि स्थलों में किए गए ताकि हर व्यक्ति बिना किसी असुविधा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे पाए। राहुल ने साफ तौर पर कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह हमारे सर्वोच्च सम्मान और समाधि स्थल के हकदार हैं। सरकार को देश के इस महान पुत्र और उनकी गौरवशाली कौम के प्रति आदर दिखाना चाहिए था।

राहुल के आरोपों पर भाजपा ने अब पलटवार किया है। बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को धन्यवाद, यह भारत की राजनीति में एक नया निचला स्तर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कारण - हम यहां उस दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आए हैं जब पूर्व प्रधान मंत्री का अंतिम संस्कार किया गया था। उन्होंने कहा कि बीजेपी का मानना ??है कि मृत्यु में गरिमा होनी चाहिए। कांग्रेस जिस तरह की राजनीति कर रही है, खासकर राहुल गांधी - जिन्होंने दाह संस्कार के बारे में ट्वीट किया है, वह शर्मनाक है।

पात्रा ने कहा कि हमने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद एक कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया कि चूंकि वह प्रधानमंत्री थे और उनका कद बड़ा था, इसलिए कैबिनेट ने कांग्रेस और डॉ. सिंह के परिवार को एक पत्र लिखा, जिसमें कैबिनेट ने कहा कि हमें उनके नाम पर एक स्मारक बनाना चाहिए ताकि देश और दुनिया उन्हें उनके सकारात्मक कार्यों के लिए याद रखे। उन्होंने कहा कि स्मारक बनाने की एक प्रक्रिया होती है लेकिन दाह संस्कार एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके लिए इंतजार नहीं किया जा सकता। यह एक सीधा संवाद था जिसे हमारी पार्टी ने आगे बढ़ाया था। लेकिन, उसके बाद कांग्रेस ने जिस तरह की राजनीति की, वह दुख के दिन नहीं करनी चाहिए थी। मैं कांग्रेस और उसके समर्थकों को बताना चाहता हूं जो पद पर रहते हुए बेतुकी बातें कह रहे हैं अगर किसी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की गरिमा को नुकसान पहुंचाया है - तो वह कांग्रेस पार्टी है।

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं






सम्पादक ( बी.पी.साहू)

मो.8423454502, 9335908846

बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें

डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.बीपीएस न्यूज .इन

## संपादकीय
## वक्त की आवाज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अमरावती में दिए वक्तव्य में धर्म के नाम पर पैदा की जा रही गलतफहमियां दूर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राममंदिर बनना तो ठीक है लेकिन इस तरह के नये-नये मंदिर विवाद खड़ा करना देश की सामाजिक समरसता के लिये ठीक नहीं है। उन्होंने स्वीकारा कि विविधता हमारा वर्तमान तो है लेकिन ये हमारे अतीत का हिस्सा भी रहा है। देश में विभिन्न धर्म-संस्कृति के लोग आते रहे हैं। प्रारंभिक मतभेद और कटुता को दूर करके भारतीय संस्कृति का हिस्सा बनते रहे हैं। जिससे विविधता के बीच एकता के सूत्र विकसित होते रहे हैं। यही वजह है कि बाद में कानून के जरिये तय हुआ कि आजादी के वक्त पूजा स्थल का जैसा स्वरूप रहा, उसे यथास्थिति में बनाये रखा जाये। निश्चित रूप से ऐसे विवादों को हवा देने से सामाजिक समरसता पर आंच आएगी व देश का विकास बाधित होगा। इसके बाद जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य व कतिपय अन्य धर्मगुरुओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने बयान को भागवत की निजी राय बताया। निश्चित रूप से भागवत का बयान समय की आवाज है और बकौल भागवत धर्म की सतही समझ से सांप्रदायिक कट्टरता को बढ़ावा मिलता है। लेकिन यह बात विचारणीय है कि भागवत के बयान के विरोध में तो आवाजें उठी, लेकिन संघ प्रमुख के बयान के समर्थन में संघ के आनुषंगिक संगठनों व भाजपा नेताओं की तरफ से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। जबकि प्रधानमंत्री व गृहमंत्री अमित शाह के ऐसे बयानों के समर्थन में पार्टी नेताओं में बयानबाजी की होड़ पैदा हो जाती है। समय की मांग है कि संघ प्रमुख के बयान में निहित संदेश को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि संघ की स्थापना के मूल में हिंदुत्व की विचारधारा रही है। यही इस संगठन का आधार भी रहा है। ऐसे में जब संगठन की तरफ से प्रगतिशील विचार सामने आता है तो उसे सुना जाना चाहिए। उसका स्वागत किया जाना चाहिए।

निस्संदेह, धर्म एक जटिल मुद्दा है और इसके वास्तविक स्वरूप को समझे जाने में चूक होने की आशंका बनी रहती है। जिसके चलते सांप्रदायिकता को बढ़ावा मिलने की आशंका बलवती होती है। वहीं सवाल उठता है कि क्या भागवत के बयान वाला दृष्टिकोण संगठन में उदारवादी व सख्त नीति के बीच विभाजित हो रहा है? यही वजह है कि संघ व भाजपा नेताओं की तरफ से इस बयान को सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिला है। इस बयान को बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां कट्टरपंथियों के वर्चस्व के रूप में देखा जा सकता है। भागवत की चिंताओं को इस संदर्भ में देखा जाना चाहिए। पूरी दुनिया में इस्लामिक कट्टरता के चलते संप्रदाय को अतिवाद के पोषक के रूप में देखा जाता रहा है। जिसके चलते इसकी छवि धूमिल हुई है। ऐसे ही यदि बहुसांस्कृतिक देश में कट्टरवाद को प्रश्रय दिया जाता है तो वैश्विक संदर्भ में देश की छवि पर इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। धर्म विशेष के नाम पर दुनिया में आतंकवाद की जो मुहिम चली है, उससे धर्म को हिंसा के पर्याय के रूप में देखा जाने लगा है।

# बांग्लादेश-पाक के नापाक गठजोड़ के खतरे

बांग्लादेश की सड़कों पर इस वक्त इस्लामिक कट्टरपंथियों का बोलबाला है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग तस्वीर से बाहर है। दो अन्य पार्टियां ढाका की सत्ता पर नजर गड़ाए हैं- खालिदा जिया की बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी। चीन जमातियों और बीएनपी की मेजबानी कर रहा है। जमात का इतिहास दागदार रहा है। यह एक कट्टरपंथी और भारत विरोधी संगठन रहा है।बांग्लादेश ने भारत के चिर-विरोधी पाकिस्तान के साथ रिश्ते सुधारने में जरा भी देर नहीं की है। इसके लिए वीजा सिक्योरिटी क्लियरेंस को खत्म कर दिया है। 2019 में शेख हसीना की सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए नॉन ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य किया था। अब यह प्रोसेस खत्म कर दिया गया है। यहां तक कि बांग्लादेश में 50 सालों में पहली बार जिन्ना की 76वीं सालगिरह भी मनाई गई। इस जश्न में पाकिस्तान के डिप्टी हाई कमिश्नर और यूनुस सरकार के कई लोग शामिल हुए।



यह वाकई अजब मंजर है। जिस भारत ने विश्वपटल पर बांग्लादेश के उदय के लिए अपने 1600 सैनिकों की कुर्बानी दी। जिस भारत ने अरबों रुपये खर्च कर इस देश को चलने के काबिल बनाया। उसी बांग्लादेश के उदय के उपलक्ष्य में मनाए गए विजय दिवस पर इस बार फिजाएं भारत विरोधी नारों से गुंजायमान थीं। इसी बांग्लादेश ने भारतीय सैनिकों की याद में सात साल से बनाए जा रहे वॉर मेमोरियल का काम भी रोक दिया है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ निर्मम हिंसा, उनके पूजास्थलों के साथ तोड़फोड़ और तिरंगे के अपमान की खबरें तो पहले ही लगातार आ रही हैं। बांग्लादेश की राजधानी ढाका से चिंतित करने वाली खबर ये भी कि 53 साल पहले करारी हार के बाद बांग्लादेश (तब के पूर्वी पाकिस्तान) से रुखसत होने वाली पाकिस्तानी आर्मी की फिर बांग्लादेश में एंट्री होने जा रही है। पाक आर्मी के मेजर जनरल रैंक के अफसर के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम बांग्लादेश की आर्मी को ट्रेनिंग देने के लिए यहां आएगी। शेख हसीना का तख्तापलट होने के बाद आज बांग्लादेश इतिहास के एक ऐसे दोराहे पर खड़ा है, जहां उसके सामने अपने ही अस्तित्व को लेकर गंभीर संकट पैदा हो सकता है।

बांग्लादेश में भारत विरोध का जुनून इस कदर छाया है कि इस प्रक्रिया में कार्यवाहक सरकार के समर्थक अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे हैं। वहां हिंदुओं के उपासना स्थलों के साथ तोड़फोड़ के वीडियो वायरल हो रहे हैं। हिंदुओं से जान बचाने के लिए अपनी पहचान छिपाने तक के लिए कहा जा रहा है। इतिहास गवाह है कि ऐसे समय में, कोई एक व्यक्ति उम्मीद की लौ जगाता है। आशा की किरण और प्रतिकार का प्रतीक बन जाता है। दक्षिण अफ्रीका में नेल्सन मंडेला, म्यांमार में आंग सान सू की, भारत में भगत सिंह और बोस, पोलैंड में लेक वालेसा, तिब्बत में दलाई लामा और खुद बांग्लादेश के स्वतंत्र होने पर शेख मुजीबुर रहमान- इसके जीवंत उदाहरण हैं। तो क्या अब इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास अनजाने में ही बांग्लादेश में हिंदू-उत्पीड़न के प्रतिरोध का प्रतीक बन गए हैं? चिन्मय कृष्ण दास अपने साथियों की हत्या और मंदिरों को जलाने के बाद, बांग्लादेश में हिंदू प्रतिरोध का चेहरा और बांग्लादेश सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता बने हैं। बांग्लादेश की इस्कॉन इकाई ने दावा किया कि इस्कॉन पर अनुचित तरीके से काम करने का गलत आरोप लगाया गया है। इस्कॉन पूरी तरह से आध्यात्मिक, अहिंसक, गैर-राजनीतिक, गैर-पक्षपाती और गैर-सांप्रदायिक संगठन है, जिसकी 50 से अधिक वर्षों की बेदाग विरासत है।

बांग्लादेश की केयरटेकर सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस और उनके समर्थक बांग्लादेश की विरासत को खत्म करने में व्यस्त हैं। हालात यह हैं कि वह बांग्लादेश के संस्थापक और राष्ट्रपिता शेख मुजीबुर्रहमान का सम्मान तो छोड़िए, जानबूझकर उनके अपमान पर उतारू है। वहां पर उनकी मूर्तियां तोड़ी जा रही हैं। मोहम्मद यूनुस ने राष्ट्रपति भवन से मुजीबुर्रहमान की तस्वीरें हटवा दी हैं। उनके नाम से जुड़ी छुट्टियां तक रद्द कर दी गई हैं। यहां तक कि मुजीबुर्रहमान की फोटो हटाने के लिए बांग्लादेशी करेंसी टका को बदलने के आदेश दिए गए हैं। अगले 6 महीनों में नए नोट मार्केट में आ जाएंगे। इन नोटों पर धार्मिक स्थल और बंगाली परम्परा के चिन्ह बने होंगे। काबिलेगौर है कि शेख मुजीबुर्रहमान बांग्लादेश के संस्थापक होने के साथ ही शेख हसीना के पिता हैं।

बांग्लादेश की सड़कों पर इस वक्त इस्लामिक कट्टरपंथियों का बोलबाला है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग तस्वीर से बाहर है। दो अन्य पार्टियां ढाका की सत्ता पर नजर गड़ाए हैं- खालिदा जिया की बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी। चीन जमातियों और बीएनपी की मेजबानी कर रहा है। जमात का इतिहास दागदार रहा है। यह एक कट्टरपंथी और भारत विरोधी संगठन रहा है।

बांग्लादेश ने भारत के चिर-विरोधी पाकिस्तान के साथ रिश्ते सुधारने में जरा भी देर नहीं की है। इसके लिए वीजा सिक्योरिटी क्लियरेंस को खत्म कर दिया है। 2019 में शेख हसीना की सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए नॉन ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य किया था। अब यह प्रोसेस खत्म कर दिया गया है। यहां तक कि बांग्लादेश में 50 सालों में पहली बार जिन्ना की 76वीं सालगिरह भी मनाई गई। इस जश्न में पाकिस्तान के डिप्टी हाई कमिश्नर और यूनुस सरकार के कई लोग शामिल हुए। इसमें जिन्ना को बांग्लादेश का 'राष्ट्रपिता' घोषित करने तक की मांग की गई। इस कार्यवाहक सरकार ने पाकिस्तान से गोला-बारूद भी खरीदा है। इस गोला-बारूद का इस्तेमाल आर्टिलरी गन में किया जाता है, जो 30 से 35 किलोमीटर की रेंज तक हमला कर सकती है। बांग्लादेश तीन तरफ से भारत से घिरा है और चौथी तरफ बंगाल की खाड़ी है। यानी अगर इसके इस्तेमाल की नौबत आती है, तो भारत के खिलाफ हो सकता है।ऐसे में भारत की सीमा सुरक्षा बल ने भी अपनी निगरानी बढ़ा दी है। भारत अपनी सबसे लंबी करीब चार हजार किलोमीटर की सरहद बांग्लादेश के साथ साझा करता है। यह सीमा पहाड़ों, उफनती नदियों और घने जंगलों से होकर गुजरती है। भारत का विदेश मंत्रालय बांग्लादेश के हथियार खरीद, पाकिस्तान से दोस्ती और हिंदुओं पर अत्याचार आदि पर नजरें बनाए हुए है। इसीलिए ढाका जाकर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अपने समकक्ष मोहम्मद जशीमुद्दीन को स्पष्ट और सख्त शब्दों में कहा है कि सबसे पहले बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की रक्षा, मंदिरों और दूसरे धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भी यूनुस से फोन पर बात की है। इसमें बांग्लादेश में मानवाधिकारों की बिगड़ती स्थिति व लोकतंत्र पर चिंता जताई गयी। उन्होंने कहा कि हिंदुओं पर हमलों को लेकर बांग्लादेश को ठोस कदम उठाने चाहिए।

अगले साल फरवरी से बांग्लादेशी आर्मी ट्रेनिंग की शुरुआत होगी। पहले चरण की ट्रेनिंग बांग्लादेश के मेमनशाही कैंट में आर्मी ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड (एटीडीसी) मुख्यालय में होगी। एक साल तक चलने वाले पहले चरण के बाद बांग्लादेशी

# बड़ी तादाद में मुस्लिम तो रहते हैं लेकिन मस्जिद एक भी नहीं!

भारतीय सीमा पर स्थित जयगांव में 2008 में मस्जिद बनाई गई, जहां मौके पर एक देश के वासी नमाज़ पढ़ने आते हैं!

विश्व में भारत एक धर्म व पंथ निरपेक्ष देश के रूप में अनोखी मिसाल है,जो सर्वधर्म समभाव की भावना से परिचालित है

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में भारत की एक धर्म व पंथ निरपेक्ष देश के रूप में प्रतिष्ठा है, जहां सर्वधर्म समभाव परिचालित होता है, जो पूरी दुनियाँ में जहां एक धर्म, मजहब, ग्रुप के रूप में संगठित होकर बात हुआ है जैसे 57 देश का इस्लामिक सहयोग संगठन, 25 से अधिक देशों का संभावित इस्लामिक नाटो संगठन पश्चिमी देशों का नाटो, 55 देशों का अफ्रीकी संघ इत्यादि समूह हैं। कुछ कट्टर इस्लामिक देशों को छोड़ दें तो करीब करीब हर देश में अनेक धर्म के लोग रहते हैं,वहां उन्होंने उनकी आस्था के अनुसार मंदिर मस्जिद चर्च बनाने की अनुमति है, परंतु हैरानी वाली बात है कि भारत के बिल्कुल पड़ोसी देश सहित कुल आठ ऐसे देश हैं जहां अच्छी खासी मुस्लिम आबादी होने के बावजूद वहां एक भी मस्जिद नहीं है, यानें बनाने की अनुमति नहींहै जिसके कारण वे अपने- अपने घरों व अन्य स्थानों पर नमाज अदा करते हैं, वे देश हैं, भूटान वेटिकन सिटी, उरुग्वे,मोरको, सानवेरिनो एस्टोनिया स्लोवाकिया, साओ टांक एंड प्रिपी में मस्जिद बनाने पर बैन है। चूँकि इसमें भारत के बिल्कुल पढ़ोसी मुल्क भूटान भी शामिल है, जिसको भारतीय सीमा में स्थित जयगांव में 2008 में मस्जिद बनाने की अनुमति दी गई है जहां मौके पर नमाज़ पढ़ने आते हैं। बता दें,भूटान की कुल आबादी 7.5 लाख के आसपास है। 84.3 फीसदी आबादी बौद्ध धर्म मानने वालों की है। वहां बौद्ध मंदिर और मठ काफी हैं। दूसरे नंबर पर वहां हिंदू आबादी है जो 11.3 फीसदी हैं। उनके मंदिर और धर्म स्थल हैं। कुछ साल पहले खुद भूटान के राजा ने थिंफू में काफी शानदार हिंदू मंदिर का निर्माण किया है। भूटान में मुस्लिम आबादी करीब 01 फीसदी है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत का पड़ोसी मुल्क जहां बड़ी तादाद में मुस्लिम तो रहते हैं लेकिन मस्जिद एक भी नहीं है, तथा विश्व में भारत एक धर्म व पंथ निरपेक्ष देश के रूप में अनोखी मिसाल है, जो सर्वधर्म समभाव की भावना से परिचालित है। स्पष्ट बता दें,गुगल के विभिन्न स्रोतों व सुत्रों से प्राप्त जानकारी जुटाने पर यह पाया गया है,जो केवल प्राप्त जानकारी आधारित सुचना मात्र है। सटीकता का प्रमाण नहीं है, सही और ग़लत होने की पुष्टि वहां के नागरिक उचित टिप्पणी द्वारा कर सकते हैं।



साथियों बात अगर हम भारत के पड़ोसी मुल्क भूटान में एक भी मस्जिद नहीं होने की करें तो, दुनियाँ के लगभग हर देश में नागरिकों को अपनी इच ?छानुसार धर्म मानने और धार्मिक स ?थल बनाने की इजाजत है,यही वजह है कि जिस देश में जिस धर्म-संप्रदाय के लोग रहते हैं, वहां उनका प्रार्थना स ?थल भी होता है, लेकिन भूटान एक ऐसा अनूठा देश है, जहां इस ?लाम धर्मावलंबी तो रहते हैं लेकिन एक भी मस्जिद नहीं है।भारत में मुसलमान दूसरी सबसे बड़ी आबादी हैं, वहीं भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में इस्लाम धर्म को मानने वालों की आबादी सबसे ज्यादा है, लेकिन भारत का ही एक पड़ोसी देश ऐसा भी है, जहां मुसलमान तो हैं,लेकिन वहां एक भी मस्जिद नहीं है।उस देश में हिंदू भी रहते हैं और हिंदुओं के लिए मंदिर भी हैं। लेकिन इस्लाम धर्म को मानने वालों के लिए वहां एक भी मस्जिद नहीं है।दरअसल, भूटान में मुस्लिमों को अपनी इबादत गाह या मस्जिद बनाने की अनुमति नहीं है. मस्जिद ना होने के कारण भूटानी मुस्लिम अपने घर पर ही नमाज अदा करते हैं।भारत के इस पड़ोसी देश के मुसलमानों ने साल 2008 में भारत सीमा पर स्थित जयगांव में एक मस्जिद बनवाई थी,खास मौकों पर ये मुस्लिम इसी मस्जिद में जाकर नमाज शिदत्त से पढ़ने जाते हैं।

साथियों बात अगर हम धर्म व पंथ निरपेक्ष भारत में हर सिटी में मस्जिद होने की करें तो,भारत में ऐसा कोई स्थान खोज पाना मुश्किल है जहाँ एक भी मस्जिद न हो। भारत एक विशाल और विविधतापूर्ण देश है जिसमें विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों का समावेश है। हालांकि, कुछ छोटे और दूरदराज के गाँव या क्षेत्र हो सकते हैं जहाँ मुस्लिम जनसंख्या न होने के कारण मस्जिद न हो। लेकिन ऐसा कोई व्यापक और प्रसिद्ध स्थान नहीं है जो इस श्रेणी में आता हो। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि भारत का संविधान धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, और किसी भी समुदाय को उनके धार्मिक स्थल बनाने से रोका नहीं जा सकता। धार्मिक संरचनाओं की उपस्थिति आमतौर पर उस क्षेत्र की जनसंख्या संरचना पर निर्भर करती है।यदि कोई स्थान विशेष रूप से उल्लेखनीय है जहाँ मस्जिद नहीं है, तो यह संभवत: उस क्षेत्र की जनसांख्यिकीय संरचना, सांस्कृतिक परंपराओं, या इतिहास के कारण हो सकता है। फिर भी, यह कोई सामान्य या व्यापक तथ्य नहीं है।

साथियों बात अगर हम भूटान में मंदिर होने और चर्च नहीं होने की करें तो, एक तरफ जहां, भूटान में मस्जिद और चर्च नहीं है, वहीं वहां हिंदू मंदिर कई हैं,इनमें से सबसे विशाल हिंदू मंदिर भूटान की राजधानी थिंफू में बना है। इस मंदिर में हिंदू देवी देवताओं की कई मूर्तियां हैं।यहां देश भर के हिंदू आते हैं और पूजा पाठ करते हैं। भूटान 7 वीं सदी तक भारत के कूचबिहार राजवंश का हिस्सा था इसके बाद यह आजाद होकर बौद्ध धर्म में तब्दील हुआ है। कई बार जब यूरोप या फिर अन्य किसी देश से कोई मुस्लिम या ईसाई धर्म का व्यक्ति भूटान घूमने आता है तो उसे इबादत के लिए यहां कोई मस्जिद या चर्च नहीं मिलता हालांकि, अगर आधिकारिक तौर पर देखें तो बमथांग में एक छोटा सा प्रार्थना कक्ष जरूर बनाया गया है,जिसमें तीन कमरे बने हैं, इन तीन अलग अलग कमरों में मुस्लिम, सिक्ख और ईसाई धर्म को मानने वाले लोग आकर प्रार्थना कर सकते हैं। साथियों बात कर हम भारत में धर्म व पंथ निरपेक्षता की करें तो, धर्मनिरपेक्ष शब्द, भारतीय संविधान की प्रस्तावना में बयालीसवें संशोधन (1976) द्वारा डाला गया था। भारत का इसलिए एक आधिकारिक राज्य धर्म नहीं है। हर व्यक्ति को उपदेश, अभ्यास और किसी भी धर्म के चुनाव प्रचार करने का अधिकार है। सरकार के पक्ष में या किसी भी धर्म के खिलाफ भेदभाव नहीं करना चाहिए। यह बराबर सम्मान के साथ सभी धर्मों का सम्मान करना होगा। सभी नागरिकों, चाहे उनकी धार्मिक मान्यताओं के लिए कानून के सामने बराबर हैं। कोई धार्मिक अनुदेश सरकार या सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में दिया जाता है। फिर भी, सभी स्थापित दुनिया के धर्मों के बारे में सामान्य जानकारी समाजशास्त्र में पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में दिया जाता है, किसी भी एक धर्म या दूसरों को कोई महत्व देने के बिना। मौलिक मान्यताओं, सामाजिक मूल्यों और मुख्य प्रथाओं और प्रत्येक स्थापित दुनिया धर्मों के त्योहारों के संबंध के साथ सामग्री / बुनियादी मौलिक जानकारी प्रस्तुत करता है। एसआर बोम्मई बनाम भारतीय संघ में भारत के सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के मूल ढांचे का एक

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## बांदा की सना परवीन ने पति पर लगाया लव जेहाद का आरोप

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में एक पत्नी ने ही अपने पति पर ही लव जेहाद का आरोप लगा दिया है। पत्नी का आरोप है कि उसका शौहर दिल्ली में काम करता है और वहां वह फर्जी तरीके से अपना हिन्दू नाम रखकर हिन्दू लड़की को फंसाकर अपने पास रखे है। जिस लड़की के साथ उसका पति रह रहा है उससे यह सच्चाई छिपाई है। युवक की पत्नी ने पुलिस से शिकायत पत्र देते हुए बांदा की शहर कोतवाली में प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।पता चला हैं कि जिला बांदा के शहर कोतवाली क्षेत्र के मर्दननाका ढाल के पास रहने वाली सना परवीन का निकाह 27 अक्तूबर 2022 को जनपद महोबा में चरखारी थानाक्षेत्र के तिलवापुरवा निवासी सलमान खान के साथ हुआ था। सना के मुताबिक, निकाह के बाद ससुरालियों ने उसे अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करना और भूखा रखना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी उसके पिता को हुई तो उन्होंने नाते-रिश्तेदारों के साथ पंचायत की।

## लवयापा' 7 फरवरी 2025 को होगी रिलीज

फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट के द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'लवयापा' 7 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। यह फिल्म प्यार और उसकी उलझनों की कहानी है, जिसमें मस्ती और हंसी का तड़का भी है। यह फिल्म दर्शकों के लिए एक खास तोहफा बनने वाली है। आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की डेब्यू फिल्म 'लवयापा' को अद्वैत चंदन ने डायरेक्ट किया है, जिन्होंने एक मॉडर्न रोमांस को बड़े ही कलात्मक ढंग से स्क्रीन पर उतारा है। यह फिल्म प्यार के हर पहलू को सेलिब्रेट करती है और हर उम्र के दर्शकों से जुड़ने के लिए तैयार है। यह फिल्म दिल को छू लेने वाली कहानी, बेहतरीन परफॉर्मेंस, मजेदार म्यूजिक और खूबसूरत विजुअल्स से भरपूर है।

**प्रस्तुति -काली दास पाण्डेय**

# आखिर विवादित क्यों है उदय और अंत हमारा!

उधर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हर मस्जिद में मंदिर ढूंढने की प्रवृति पर चिंता जताई तो बदले में उन्हें अपने आसपास चिंता के स्वर सुनाई देने लगे। बहुत से संत-महंतों ने संघ प्रमुख से दो-टूक कह दिया कि वो पूरे हिंदू समाज का नेता बनने की कोशिश ना करें। हिंदू राजनीति में यह एक अलग तरह की हलचल है। सबसे पहली बात ये है कि अपने कर्म से इतर धर्म, नैतिकता, अहिंसा आदि पर बीच-बीच में प्रवचन देते रहना संघ के शीर्ष नेतृत्व की ऊँची सोच को दर्शाता है। अगर आप थोड़ी मेहनत करें तो एक ही सवाल पर मोहन भागवत के बयानों के कई परस्पर विरोधी वर्जन ढूंढ सकते हैं। ये बयान इसलिए दिये जाते हैं कि



**पंकज सीबी मिश्रा,**
**राजनीतिक विश्लेषक एवं पत्रकार**
**जौनपुर यूपी**

ताकि समय और राजनीतिक जरूरतों के मुताबिक ये दावा किया जा सके कि संघ ये चाहता है अथवा संघ ये नहीं चाहता है। मोहन भागवत ने ताजा बयान में कहा है कि हम लंबे समय से सद्भाव से रहते आये हैं और दुनिया को सद्भाव देना चाहते हैं तो हमें इसका एक मॉडल तैयार करना चाहिए। सुनने में ये बात अच्छी लग सकती है लेकिन सेक्यूलर इसे सिरे से हास्यास्पद कहेंगे। शांति-पूर्ण सह-अस्तित्व का मॉडल भारत में हज़ारों साल पुराना है और कामयाबी से चलता आया है। फिर भागवत जी कौन सा नया मॉडल तय करेंगे और क्यों? मोहन भागवत की अगली बात महत्वपूर्ण हैं। सरसंघचालक ने कहा है कि राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग सोचते हैं कि नई जगहों पर ऐसे मुद्दे उठाकर हिंदू नेता बन जाएंगे तो यह स्वीकार्य नहीं है। असली खबर इसी एक लाइन में छिपी है। इस लाइन का सीधा मतलब है कि आरएसएस कह रहा है कि धर्म की राजनीति के इकलौते कॉपीराइड होल्डर केवल कांग्रेस हैं। सवाल ये है कि आरएसएस को चुनौती कौन दे रहा है? मोहन भागवत सद्भाव और सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था के शीर्ष पुरूष हैं और उन्ही के नक्शे कदम पर चल नरेंद्र मोदी अब उनसे एक कदम आगे निकल चुके हैं। हिंदूत्व जागरूकता अब अपने आप में स्वयं हिंदू राष्ट्र हैं। चुनाव में मोदी लगभग हारते-हारते बचे और उसके बाद मोहन भागवत क्खुद को भगवान बताने वालों' पर हमलावर हो गये। मोदी और भागवत का कट्टरता के विरोध में ये शीतयुद्ध आनेवाले दिनों में सिर्फ हिंदू राजनीति नहीं बल्कि समाज की दिशा भी तय करेगा। ये लड़ाई सनातन वर्चस्व और अति आक्रमक दोमुहे सेक्यूलर के बीच है। एक समय ब्राहण-बनिया पार्टी कही जानेवाली बीजेपी ने राम-मंदिर आंदोलन के समय बहुत बड़ी संख्या में पिछड़े समुदाय के लोगों को अपने साथ जोड़ा, नतीजे में देखते-देखते बीजेपी सत्ता के करीब पहुंच गई। नब्बे के दशक में आया बीजेपी का तीव्र विस्तार कुछ समय के लिए थम गया। लगातार दो लोकसभा चुनावों में पार्टी को हार मिली। सबको को ये समझ में आने लगा कि बिखरे हुए बहुजन वोट का बड़ा हिस्सा हथियाये बिना ना तो सत्ता में वापसी और ना कभी हिंदू राष्ट्र बनेगा। ठीक ऐसे मौके पर नरेंद्र मोदी का उदय हुआ, उधर कांग्रेस के खाते में गुजरात दंगों के दौरान हिन्दुओं के विरोध से अर्जित किया गया धर्म विशेष सम्राट का टैग भी था। नरेंद्र मोदी के उदय के बाद सबकुछ बदल गया। किंग मेकर अब खुद मोदी का मोहताज हो गए। पहले ये कहा जाता था कि ब्राहण नेतृत्व अपनी हिंदू राजनीति के लिए पिछड़ों का होशियारी से इस्तेमाल कर रहा है। अब सवाल उलट चुका है, क्या उग्र हिंदुत्व की कमान अब मोदी के हाथ रहेगी और शीर्ष नेतृत्व पीछे-पीछे चुपचाप चलने को विवश होगा? मोदी युग के आरंभ के बाद जो इको सिस्टम बना है, उसमें पिछड़ी जातियों से जुड़े लोग कई जगहों पर बहुत ताकतवर भूमिका में नज़र आते हैं।


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।** - संपादक

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

संपर्क करें -:

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# क्रिसमस की आराधना में पूरे चर्च के सदस्यगण बड़े उत्साह के साथ आराधना करने चर्च पहुंचे



बीपीएस न्यूज

कानपुर। 25 दिसंबर 2024 दिन बुधवार को क्रिसमस के उपलक्ष्य में विशेष क्रिसमस उगराधना सभा का आयोजन न्यू इंडिया चर्च आफ गॉड 13 ब्लॉक गोविंद नगर में किया गया क्रिसमस की इस आराधना में सम्मिलित होने के लिए पूरे चर्च के सदस्यगण बड़े उत्साह के साथ तैयार होकर आराधना करने चर्च पहुंचे ।आराधना सभा की शुरुआत चर्च के प्रमुख पादरी जितेंद्र सिंह के द्वारा हुई चर्च की क्वायर ने विशेष क्रिसमस गीत आज चरनी में चमक है सितारा नया आज खुशियां मनाने की रात आ गई, दाऊद के नगर में पैदा मेरा येशु राजा हुआ, जन्मा है मुक्ति दाता हमारा जन्मा है मरियम का प्यारा गीतों को गाकर प्रभु यीशु मसीह की आराधना की चर्च के छोटे बच्चों ने भी प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन के गीत जन्म लियो जन्म लियो मेरे दिल में बीशु जन्म लियो को गाकर नाचते हुए प्रभु येशु की आराधना की आए हुए सभी लोग क्रिसमस आराधना में प्रभु यीशु के आनंद से भरकर आराधना करने लगे ।पादरी जितेंद्र सिंह ने आए हुए लोगों को परमेश्वर के वचन से बताया कि प्रभु यीशु मसीह इस दुनिया में पाप में फंसे हुए मनुष्य को नाश करने नहीं बल्कि पापी मनुष्य का उद्धार करने के लिए इस दुनिया में जन्म लिया ताकि हर मनुष्य प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करने के द्वारा उद्धार एवं अनंत जीवन को प्राप्त कर सके। आराधना सभा में प्रमुख रूप से मिसेज हैलीना सिंह, पादरी रवि कुमार, पादरी हैरि सिंह, पादरी बृजेश कुमार पादरी राकेश मसीह नाई रोहित जॉन, मनीष जेम्स अंकित नाई विजय, मिसेज पूर्णिमा जेम्स, मिसेज भारथा भाई मुकेश मिसेज, सरोज एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित थे।

## चर्च आफ क्राइस्ट पान्डु नगर में क्रिसमस की प्रार्थना सभा का आफ इंडिया आयोजन

कानपुर। चर्च आफ क्राइस्ट पान्हु नगर में क्रिसमस की प्रार्थना सभा का आफ इंडिया आयोजन किया गया। सभा का संचालन चर्च के मुख्य पादरी रेव्ह इम्मानुएल के द्वारा किया गया। एवं क्रिसमस का संदेश रेव्ह सैमुएल सिंह के द्वारा दिया गया। संदेश में रेव्ह समुएल सिंह ने कहा कि प्रभु येशू मसीह का जन्म समस्त मोन्भन्नव जाति के उत्थान के लिए हुआ है, यह किसी विशेष धर्म अथवा सम्प्रदाय हेतु नहीं है। प्रभु ने मानव रूप में जन्म लेकर मानव जाति को प्रेम एव दया का संवेश दिया डा0 रेनू सिंह के द्वारा क्रिसर उत्सव पर विशेष गीत देखो देखो चरनी में नूर ए खुदा आ गया मसीह चर्च की कवायर के द्वारा आप्पाहर के हम करते गाना आया है आया गाया। चर्च में मुख्य रूप डेनियल सिंह, के अंकिता सिंह, अशोक जोसफ बंटी सिर उपस्थित रहे शैकी, अशोक बहन ऋतु सिंह ने कवायर का को उपहार वितरण किया। संचालन किया एव बच्चों को उपहार भेंट किया! मुख्य रूप से अनिल सिंह अंकित सिंह शैंकी अशोक जोज बंटी सिंह उपस्थित रहे रितु सिंह ने कवायर का संचालन किया एवं बच्चों को उपहार भेद किया!

# मालवीय एवं अटल जयंती का हर्षोल्लास से मनाया उत्सव




बीपीएस न्यूज

कानपुर। बी.एन.एस.डी. शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज बेनाझाबर, में मालवीय एवं अटल जयंती उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि ओमेन्द्र भारत (प्रान्त सह- प्रमुख विमर्श, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) ने अपने उद्बोधन में पूर्व पीएम अटल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक कुशल वक्ता, धैर्यशाली योद्धा, सफल राजनेता व एक प्रख्यात कवि थे। अटल जी पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने एक विदेश मंत्री के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ में पहली बार हिंदी में भाषण दिया। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि हम एक साथ बहुआयामी जीवन कैसे बिता सकते हैं। आपने मालवीय जी के बारे में बताते हुए कहा कि वह एक कुशल एवं समर्पित समाज सेवक थे। उन्होंने शिक्षा के उन्नयन के लिये जीवनपर्यन्त काम किया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय इसका जीता जागता उदाहरण है। भारत की वैज्ञानिक व गणितीय उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरुत्वाकर्षण नियम का प्रथम उल्लेख महान गणितज्ञ भास्कराचार्य द्वितीय व उनकी पुत्री लीलावती के मध्य संवाद में मिलता है जबकि इसका श्रेय न्यूटन को मिलता है। मुख्य अतिथि का परिचय अमृतांशु मिश्र (कैप्टन- दाक्षिण्य निकेतन) ने कराया। आभार प्रदर्शन नम्रता जोशी (उप प्रधानमंत्री छात्र संसद) ने किया। इस अवसर पर कक्षा सप्तम की छात्राओं ने सामूहिक गीत, इशिता ने आंग्ल भाषा में, ऋषिका ने मातृभाषा में, शाश्वत ने मातृभाषा में अपने विचार प्रस्तुत किए। अर्नव मिश्रा ने कविता पाठ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बृजमोहन कुमार सिंह, उप प्रधानाचार्या मंजूबाला श्रीवास्तव, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

## एडीजी जोन ने पूर्व प्रधानमंत्री के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा भारत रत्न ओजस्वी कवि, दार्शनिक एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर ''सुशासन दिवस'' के रूप में मनाते हुये उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर शत-शत् नमन किया गया। इस दौरान जोनल कार्यालय के समस्त पुलिसजन उपस्थित रहे। छोटे मन से कोई बड़ा नही होता टूटे मन से कोई खड़ा नही होता ।

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निधि यादव को दी जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

बीपीएस न्यूज

कानपुर। माताओं, बहनों, युवाओं, बेबस मजलूमों, किसानों व ग़रीबों की रहनुमा सुख दुख में सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली व उनकी आवाज़ को बुलंद करने वाली उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की जॉर्जटाउन निवासी समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रयागराज की हंडिया विधानसभा से समाजवादी पार्टी की पूर्व प्रत्याशी निधि यादव का बुधवार 25 दिसंबर को 34 वा जन्म दिन था। निधि पूर्व माध्यमिक शिक्षा सचिव और समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी वासुदेव यादव की पुत्री हैं। निधि यादव की गिनती तेजतर्रार, लोकप्रिय और एक अच्छे राजनेता के रूप में होती है। उनके जन्म दिन 25 दिसंबर को आर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्ट्री फूलबाग कानपुर की किला मजदूर यूनियन के महामंत्री समीर बाजपेई ने उन्हें जनता का सच्चा सेवक और ईमानदार राजनेता बताते हुए निधि यादव के सदैव स्वस्थ, खुश और लंबी आयु के साथ राजनीति के सफर में उच्चतम शिखर तक पहुंच कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करने की कामना के साथ उन्हें जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

यूनियन के महामंत्री समीर बाजपेई की ओर से प्राप्त शुभकामना संदेश में आगामी फरवरी 2027 में सम्भावित यूपी विधानसभा चुनाव में निधि के एक विधायक के रूप में चुने जाने की कामना भी आदिशक्ति से की गई है। जिससे निधि जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए गरीबों, मजलूमों, किसानों और महिलाओं की आवाज को विधानसभा में प्रमुखता से उठाते हुए सभी का दु:ख दर्द दूर करने का काम करेंगी। क्यों कि निधि एक मुखर वक्ता के साथ पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता हैं और प्रयागराज विश्विद्यालय की पूर्व छात्र नेता भी हैं। निधि यादव ने जन्म दिन के शुभकामना संदेश के लिए किला मजदूर यूनियन के महामंत्री समीर बाजपेई को बहुत- बहुत धन्यवाद कहा है।

# आउट सोर्सिंग कर्मियों के साथ निजी कम्पनी द्वारा किए जा रहे शोषण पर महापौर को सौंपा ज्ञापन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश संयुक्त चालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार ने महापौर को ज्ञापन सौंप कर मांग की है की नगर निगम में कार्यरत आउट सोर्सिंग कर्मचारी व विभिन्न पदों पर कार्य कर रहे हैं श्रमिको को अलग-अलग वेतन दिया जा रहा है जो की पूरी तरह से गलत है।

प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा की कानपुर नगर निगम के कार्मिक विभाग एवं प्रोजेक्ट सेल विभाग द्वारा बिना किसी भर्ती नियमावली के कई ऐसे पदों को सूचित कर नगर निगम में सेवा प्रदाता के माध्यम से भर्ती कर दिया गया है जिसका स्थानीय निकाय भर्ती नियमावली एवं अधिनियम में है ही नहीं।

चालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि नगर निगम कार्मिक विभाग एवं प्रोजेक्ट विभाग 31 दिसंबर 2013 से कार्यादेश के माध्यम से आउट सोंस कर्मीयो एवं श्रमिको की आपूर्ति ले रहा है। 1 अगस्त 2014 से मैसेज जेटीएन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा शिक्षक शिक्षकों कंसलटेंट इंजीनियर साथ में चालक एवं चतुर्थ श्रेणी तक श्रमिकों की आपूर्ति करता आ रहा है जिसकी स्वीकृति कार्मिक विभाग व प्रोजेक्ट सेल देता है 10 वर्ष के कार्यकाल में दोनों विभागों द्वारा ऐसे से पदों पर सजृन कर आपूर्ति प्राप्त किया है लोक सेवा आयोग जैसे पदों पर बिना किसी कमेटी की भर्ती किया गया है जिसका ना तो कोई शासनादेश है और ना ही स्थाई निकाय भर्ती सेवा नियमावली में इन पदों का जिक्र है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 10 वर्षों से कार्य कर रही जेटीएन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगभग श्रमिकों व कर्मचारियों के फंड में बड़े स्तर से घोटाला करती चली आ रही है साथ लगभग कर्मचारियों का ईएसआई कार्ड भी जारी नही किया जिससे कर्मचारी अपना एवं अपने परिवार का इलाज भी करा सके। उन्होंने महापौर से मांग की है कि वेतन की जांच कर कर श्रमिकों के भविष्य के साथ किया जा रहे अन्य को समाप्त किया जाए एवं दोषियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करे ताकि आउट सोर्सिंग श्रमिको को न्याय मिल सके। इस दौरान उनके साथ प्रदेश महामंत्री अखिलेश सिंह, कोषाध्यक्ष माधवराज, दिलीप, शानू, प्रभात, कुलदीप सोनी, इरशाद समेत तमाम संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महिलाओं ने सुनी श्री मद देवी भागवत महापुराण कथा



कानपुर। श्री राम नवमी महोत्सव कमेटी लाठी मोहाल जानकी परिवार द्वारा आयोजित रामलीला भवन मेस्टन रोड में श्री मद देवी भागवत महापुराण कथा में आचार्य मंजेश कृष्ण शास्त्री के द्वारा महिषासुर के जन्म तथा माता रानी के द्वारा महिषासुर के वध की कथा का वर्णन किया गया जानकी परिवार द्वारा कथा के अंत में माता रानी के द्वारा महिषासुर के वध की लीला का बड़े ही आकर्षक रूप में मंचन किया गया। जिससे कथा प्रांगण भगवती मय हो गया जानकी परिवार से संयोजक संतोष कुमार शुक्ल अध्यक्षा प्रीति गुप्ता मंत्राणी उपासना गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, रिंकी गुप्ता, ममता ओमर वैभवी गुप्ता आदि सदस्याएं मौजूद रहीं।

# आयोजित प्रतियोगिताओं के विजयी छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत



बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर जिला प्रशासन और उच्च शिक्षा विभाग, कानपुर नगर के संयुक्त तत्त्वावधान में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लोक भवन लखनऊ में आयोजित %उत्तर प्रदेश में सुशासन% विषयक गोष्ठी का सजीव प्रसारण किया गया। तत्पश्चात कानपुर नगर के उच्च शिक्षण संस्थानों और माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजयी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र और नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया। जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं की भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनन्या तिवारी, द्वितीय स्थान वैष्णवी गुप्ता तथा तृतीय स्थान दीपाली कटियार ने प्राप्त किया। अटल की कविताओं के पाठ की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीप्ती मिश्रा, द्वितीय स्थान दीक्षा शर्मा और तृतीय स्थान निज़ा ने प्राप्त किया। माध्यमिक स्तर की निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीयूष गौतम द्वितीय स्थान परी और तृतीय स्थान यशी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि तुलसीदास ने जिस %राम राज्य% की कल्पना की थी वह वर्तमान में सुशासन की अवधारणा में परिलक्षित होता है। विधायिका घाटमपुर सरोज कुरील ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल का व्यक्तित्व हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। हम सब उनके नक्शेकदम पर चलने को प्रतिबद्ध हैंविधायिका कल्याणपुर नीलिमा कटियार ने कहा कि पूर्व पीएम एक कुशल राजनेता, संवेदनशील कवि, सार्वजनिक जीवन में उच्च नैतिक मानदंड कायम करने वाले आदर्श व्यक्तित्व हैं ।विधान परिषद् सदस्य शिक्षक विधायक अरुण पाठक ने कहा कि छात्र-छात्राओं की प्रतिभाशाली प्रस्तुति से यह उम्मीद जगी है कि अटल का स्वप्न साकार रूप ले रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमेश अवस्थी लोकसभा सांसद कानपुर नगर ने कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकारें पूर्व प्रधानमंत्री अटल के दिखाये सुशासन के मार्ग पर चल रही है।

प्रदेश की छवि अपराधमुक्त और विकासयुक्त प्रदेश की बनी है। उन्होंने पूर्व पीएम अटल के कानपुर में बिताये समय को भी याद किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, परियोजना निदेशक पी. एन.दीक्षित, प्रति कुलपति सुधीर अवस्थी, जिला विकास अधिकारी गजेन्द्रसिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह आदि सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# आल इंडिया ग़रीब नवाज़ कौन्सिल केंद्र सरकार से मांग करती है कि पूरे मुल्क में शराब पीने और बेचने पर पाबन्दी लगाई जाये




बीपीएस न्यूज

कानपुर ।आल इंडिया ग़रीब नवाज़ कौन्सिल केंद्र सरकार से मांग करती है कि पूरे मुल्क में शराब पीने और बेचने पर पाबन्दी लगाई जाये ताकि शौहर बीवी का झगड़ा, लूट, डकैती, लड़ाई झगड़ा, एक्सीडेंट, हिन्दू मुस्लिम फसाद जैसे बुरे मामलों की रोक थाम हो सके प्रेस कांफ्रेंस में शरीक उलमा, मस्जिदों के इमाम ने अवाम से पुर जोर अपील करते हुए कहा कि सख्त सर्दी का मौसम है लिहाज़ा चौराहों व दीगर मुनासिब जगहों पर अलाव जलवायें, और सर्दी से बचने के लिए गरीबों, बे सहारों, कमज़ोरों, स्टेशन व बस स्टाप पर कोगों के लिए कम्बल व लिहाफ का इन्तिज़ाम करके अल्लाह व रसूल की खुशनूदी हासिल करें काउन्सिल के राष्ट्रिय अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद हाशिम अशरफ़ी इमाम ईद गाह गद्दियाना ने कहा कि ये वक़्त हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई में बटने का नहीं बल्कि दुश्मन ताक़तों को नाकाम बनाने और मुल्क से नफरतों को मिटा कर भाई चारा और मोहब्बत कायम करने का है अजमेर के उर्स में सभी धर्मो के लोग अपनी अकीदत के फुल पेश करते हैं ये मुल्क की खूबसूरती है की यहाँ हिन्दू मुस्लिम सिख इसाई सभी धर्मो के लोग आपस में मिल जुल कर मोहब्बत से रहते हैं क्यूंकि ख्वाजा ग़रीब नवाज़ का आस्ताना हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी की अक़ीदत का मरकज़ है जहाँ पर हर मज़हब के मानने वाले पहुँचते हैं और फैज़याब होते हैं आईये हम सब मिल कर इस मुल्क की खूबसूरती की हिफाजत करें कौन्सिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि ख्वाजा ग़रीब नवाज़ की मुहब्बतों की तालीम को आम करने के लिए इस साल भी 20 वा ग़रीब नवाज़ हफ्ता मनाया जा रहा है जिसकी शुरुआत 2 जनवरी होगी वाजेह रहे की गरीब नवाज़ हफ्ते के तहत समाज में फैली हुई बुराइयों के खिलाफ मुहीम चलाई जाएगी, मरीज़ों को फ़ल व गरीबों को कम्बल वितरण किये जाएँ गे, अजमेर शरीफ चादर रवाना की जाएगी, पानी की सबील और लंगर ए आम समेत मुन्दरिजा जैल मक़ामात पर रात और दिन में पचीसो प्रोग्राम और हज़रत ख्वाजा ग़रीब नवाज़ की तालीम, सब्र, तक़वा, तबलीग़, पैगामे मसावात, मोहब्बत को आम किया जायेगा। इस के इलावा शहर के दीगर मकामत पर जश्ने ग़रीब नवाज़ लंगर सबील का इन्तेजाम किया जाएगा और 6 रजब को कंघी मोहाल में मरकजी कुल होगा जिस में हज़ारो लोगों को लैंगर बाँटा जाए गा और छप्पन पार्क जूही लाल कालोनी में आखरी कुल होगा इस मौक़े पर खास तौर से मौजूद रहे (मौलाना) मो.हाशिम अशरफ़ी.कौमी सदर, मौलाना महताब आलम क़ादरी मिस्बाही, हाजी सैयद खुर्शीद आलम, मौलाना गुलाम हसन, वासिफ अशरफी, अकील हसन बव्वन, शकील अहमद, मो.हनीफ, नफीस अहमद, हाफ़िज़ मो.अरशद अशरफी, कारी मो.अहमद अशरफी, हाजी समी कुरैशी, मो. शारिक़, महताब आलम गुड्डू, शहजाद, इत्यादि लोग मौजूद रहे!

# 75 वर्ष की आंखों से दो लोगों की दुनिया होगी रोशन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कृष्णा नगर क्षेत्र के पूर्व पार्षद एवं नेत्रदान प्रेरक मदनलाल भाटिया ने प्रेस बयान में जानकारी देते हुए बताया कि कृष्णा नगर के ब्लॉक नंबर 2 /75, निवासी तिलक राज भाटिया (75 वर्ष )का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। कृष्णा नगर के नेत्रदान अभियान से प्रभावित परिजनों ने स्वर्गीय तिलक राज भाटिया (75 वर्ष)के नेत्रों के दान हेतु नेत्रदान प्रेरक एवं पूर्व पार्षद मदनलाल भाटिया से संपर्क किया । मदन लाल भाटिया की सूचना पर कानपुर मेडिकल कॉलेज की नेत्र रोग विभाग की विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर एवं कॉर्निया ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉक्टर शालिनी मोहन के निर्देश पर डॉक्टर अखिलेश चौहान ,डॉक्टर दीपक एवं डॉ प्रिया की टीम ने स्वर्गीय तिलक राज भाटिया के दोनों कॉर्निया सुरक्षित कर लिए जिसे दो लोगों को प्रत्यारोपित कर रोशनी प्रदान की जा सकेगी ।

नेत्रदान के समय स्वर्गीय तिलक राज भाटिया के पुत्र आशीष भाटिया ,भाई नंदकुमार भाटिया गिरीश भाटिया राहुल भाटिया , कृष्ण कुमार भाटिया सुभाष चंद्र भाटिया सहित समाजसेवी एवं नेत्रदान सहयोगी सुदेश भाटिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । नेत्रदान के उपरांत डॉक्टरों की टीम ने मृतक स्वर्गीय तिलक राज भाटिया के परिजनों को नेत्रदान का प्रमाण पत्र भी सौंपा ।पूर्व पार्षद एवं नेत्रदान प्रेरक मदन लाल भाटिया ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि यह उनके क्षेत्र का 216 वा नेत्रदान है। जिससे अब तक 332 लोगों को नेत्र ज्योति प्राप्त हो चुकी है। नेत्रदान की प्रक्रिया बहुत ही सरल ,आसन एवं पारदर्शी है। कोई भी व्यक्ति अपने परिजनों का मरणोपरांत नेत्रदान करवा सकता है ।

## पनकी में लगी भीषण आग

कानपुर। सूचना को अमल में लाते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा के दिशा निर्देश पर पनकी, फजल गंज, किदवई नगर, जाजमऊ, कर्नल गंज व मीरपुर फायर स्टेशन से दमकल गाडियां पहुंची घटना स्थल पर ।आग ओम रोटो प्लास्टिक पैकेजिंग फैक्ट्री में लगी थी। धू धू कर के जलती हुई फैक्ट्री की आग बुझाने की कोशिश फायर कर्मियों ने शुरू की ।अपनी जान की परवाह न करते हुए फायर कर्मियों ने आग खिलाफ खोल दिया मोर्चा। कड़ी मशक्कत के बाद मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा के निर्देशन में फायर कर्मियों ने पा लिया आग पर काबू। आग को पूरी तरह बुझा दिया गया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि आग लगने के कारण की जांच की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने जिला उद्योग बंधु की बैठक में समस्याओं को त्वरित निस्तारित के दिए निर्देश



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जनपद में संचालित उद्योगों की समस्याओं को त्वरित निस्तारित करने के उद्देश्य से जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद के औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत ट्रिपिंग, जल भराव, अवैध अतिक्रमण हटाने, पार्कों में ग्रीन बेल्ट स्थापित करने आदि समस्याओं पर विस्तार पूर्वक परिचर्चा की गई। जिला उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागोंके उपस्थित अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए गए अमित पुष्कर ग्राम मऊनखत पोस्ट बीबीपुर घाटमपुर द्वारा अवगत कराया गया कि यूपी इन्वेस्ट की एनएलएस की योजना के अंतर्गत उनकी इकाई निर्माणाधीन है जिसे क्षेत्रीय दबंगो एवं गुण्डो द्वारा इकाई निर्माण में बाधा पहुंचाई जा रही है जिस पर जिलाधिकरी द्वारा तत्काल उप जिलाधिकारी घाटमपुर एवं सहायक पुलिस आयुक्त के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित कराए।आईआईए द्वारा मेसर्स पीएम फ्लैक्स पैक, डी-69 पनकी साइड -5 उधोग परिसर को जाने वाली निर्माणाधीन बाद इंटरलाकिंग कार्य ठीक से न कराए जाने की शिकायत की गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधिअन इंटरलाकिंग को ठीक कराने के निर्देश दिए गए। मेसर्स मिश्रा इण्डस्ट्रीज, एम.टी.सी. डी-34 पनकी इण्ड. एरिया साइट-3 द्वारा स्थित क्षेत्र मेंजल की निकासी हेतु बनायी गई पुलिया अत्यन्त सकरी एवं क्षतिग्रस्त हो चुकी है,

जिससे सड़क व उद्योग परिसर में जल भराव की समस्या उत्पन्न रहती है जिला पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशिकत किया गया कि क्षेत्र का सर्वे कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत की जाए। दादा नगर से लेकर पनकी साइट-1,2,3 के कतिपय स्थानों पर कबाड़ियां द्वारा अनाधिकृत कब्जा किए जाने की समस्या के दृष्टिगत नगर निगम, कानपुर विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग एवं यूपीसीडा के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने विभाग से संबंधित भूमि को चिन्हित कर अतिक्रमण को मुक्त कराया जाए।

मोहित गुप्ता मैसर्स डेल्टा ड्रेक्ट्रेस प्रा0 लि0, ग्राम महाराजपुर तहसील बिल्हौर कानपुर में स्थित भूमि के अभिलेखों में अभी तक कम्पनी के पूर्व निदेशक डी.एन. गुप्ता का नाम दर्ज है, जबकि उनकी मृत्यु वर्ष 2002 में ही हो गई थी, जिसके उपरान्त कम्पनी अभिलेखों में नाम परिवर्तन करने हेतु विभाग से अनुरोध किया गया था किन्तु अभी तक नाम परिवर्तन संबंध में समस्या उठाई गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार बिल्हौर को आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। लघु उद्योग भारती द्वारा बजरंगबली औद्योगिक क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों पर जल निकासी, अवैध अतिक्रमण एवं स्ट्रीट लाइट आदि लगाने के संबंध में शिकायत की गई इसके संबंध में जिलाधिकारी द्वारा नगर निगम को निर्देशित किया गया कि संबंधित क्षेत्र से वसूले गए टैक्स के सापेक्ष 60त्न क्षेत्र में कार्य कराया जाए

तथा तत्काल क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों को मोटरेबल कराना सुनिश्चित किया जाए। चकरी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट न होने की शिकायत की गई

जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता नगर निगम प्रकाश मार्ग को निर्देशित करते हुए कहा कि तत्काल क्षेत्र के प्रारंभ में एक स्ट्रीट लाइट लगाई जाए। बैठक में जिला उद्योग केंद्र सुधीर कुमार, अपर नगर आयुक्त, क्षेत्रीय प्रबंधक, यू.पी.सी.डा. समेत विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री की 100 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जन जागृति मंच के अध्यक्ष भाजपा नेता एवं दूरसंचार सलाहकार समिति कानपुर महानगर के सदस्य विनोद मिश्र की अगुवाई में गुजैनी स्टेट बैंक चौराहे पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किए गए इस अवसर पर संबोधित करते हुए विनोद मिश्र ने कहा की अटल बिहारी वाजपेई का जन्म ग्वालियर में हुआ था आपके पिता पंडित कृष्ण बिहारी वाजपेई अध्यापक थे माताजी कृष्णा देवी वाजपेई घरेलू महिला थी बचपन से ही उनका रुझान राजनीति की ओर था अटल बिहारी वाजपेई स्वाधीन भारत में संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत बनाने वाले महान नेता थे उन्होंने अपने आदर्शों ओजस्वी वाणी साहित्य विरासत एवं व्यवहार कुशलता से संपूर्ण विश्व को प्रभावित किया था अटल जी देश के एकमात्र ऐसे नेता थे जिनको छोटे बड़े सभी स्नेह प्रदान करते थे विरोधी दलों के नेता भी उनका सम्मान करते थे मैंने अनेक अवसरों पर उनकी फूल बाग में आयोजित जनसभा में अनेक विरोधी दलों के नेताओं को उनके ओजस्वी विचारों को सुनते हुए देखा है श्री वाजपेई 1996 में पहली बार भारत के प्रधानमंत्री बने थे अटल बिहारी वाजपेई ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों की पंक्ति में मजबूती से स्थापित किया यह परीक्षण इतना गोपनीय था जिसने अमेरिका सहित संपूर्ण विश्व को आश्चर्यचकित किया था अटल कवि हृदय पत्रकार एवं महान राजनेता थे।

उन्होंने कारगिल युद्ध में पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए जिसकी संपूर्ण विश्व में सराहना की गई कानपुर महानगर से उनका बेहद जुडाव रहा है वह प्रतिभा के धनी थे संपूर्ण विश्व के महान नेता उन जैसे महान राजनेता सदियों में कहीं जन्म लेते हैं उनकी महानता पर चर्चा करना सूर्य को प्रकाश दिखाना है।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता विनोद मिश्र वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश वीर आर्य अनूप तिवारी सरवन प्रजापति सुरेश गुप्ता राजेंद्र गुप्ता दीपक श्रीवास्तव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता थे।

# महिला जनसुनवाई में कुल -32 मामले आये जिन पर त्वरित निस्तारण हेतु किया निर्देशित

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या अनीता गुप्ता की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में मिशन शक्ति फेस-5 के अन्तर्गत महिलाओं से संबंधित महिला उत्पीडन की रोकथाम व महिलाओं की समस्याओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से महिला जन सुनवाई का आयोजन किया गया। महिला जन सुनवाई में महिलाओं के उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज संबंधी मामले एवं महिलाओं से संबंधित कुल-32 मामले आये, जिन पर प्रत्येक मामले को गम्भीरता से सुनते हुये उक्त प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को महिला आयोग की सदस्या द्वारा निर्देशित किया गया।




महिला जन सुनवाई में उषा गुप्ता पत्नी राम प्रकाश गुप्ता द्वारा बहू मेघा गुप्ता से प्रताडित किये जाने की शिकायत की गयी, जिस पर सुनवाई करते हुये महिला थाना में दोनो पक्षों को बुलाकर सुनवाई कराते हुये प्रकरण को निस्तारित कराने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार सुमनलता अग्निहोत्री पत्नी रजनीकान्त अग्निहोत्री द्वारा बहू द्वारा किये गये फर्जी मुकदमें के सन्दर्भ में शिकायत की गयी, सोनी पत्नी स्व0 मदन द्वारा अज्ञात अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी तत्काल प्रभाव से कराये जाने हेतु, दिव्या सफ्फड़ पत्नी सुधीर कुमार सफ्फड़ द्वारा घरेलू हिंसा से सम्बन्धित, मालती विश्वकर्मा पत्नी रामकृष्ण विश्वकर्मा द्वारा पति व उसके परिवार द्वारा हत्या की साजिश किये जाने के सम्बन्ध में, नफीसा पत्नी स्व0 मो0 शमीम द्वारा पति के पैतृक मकान में रहने व अधिकार के सम्बन्ध में, वंशिका गुप्ता पुत्री अनिल कुमार गुप्ता द्वारा एफ0आई0आर0 के बाद गिरफ्तारी न होने के सम्बन्ध में, शीला सिंह पत्नी मनीष सिंह द्वारा दहेज प्रताड़ना के सम्बन्ध में, प्रिया पुत्री राम प्रकाश द्वारा पति द्वारा उत्पीडन के सम्बन्ध में शिकायत की गयी, जिसको सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। महिला थानाध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि इससे पूर्व में हुयी महिला जन सुनवाई में आये मामलों में 10 प्रकरणों को महिला थाना को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये थे, जिसमें आफरीन खातून पत्नी कामरून अहमद, कमल कुमार पुत्र महावीर प्रसाद, आकृति पाण्डेय, नैन्सी पत्नी श्याम मोहन, खुशबू, रंजीता देवी, सुमन देवी, मंजू यादव, अभिलाषा पाण्डेय, सुमनलता अग्निहोत्री, बबिता, शिव कुमारी के प्रकरणों का निस्तारण कर दिया गया है। महिला जन सुनवाई में उपस्थित महिलाओं को जागरुक करते हुये बताया गया कि महिलाओं के किसी भी प्रकार के उत्पीडन, घरेलू हिंसा में सहायता के लिये तत्काल 112 नम्बर डायल करें तथा अपना इस नम्बर पर पंजीकरण कराकर तत्काल पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकते है। महिला हेल्प लाइन 1090 व 181 में भी काल करके महिलाओं की समस्या व सहायता हेतु काल करने के संबंध में जानकारी दी गयी महिला जन सुनवाई में अपर जिलाधिकारी (भू0/अ0) रिंकी जायसवाल, ए0डी0सी0पी0 महिला अपराध अमिता सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।इसके पश्चात सदस्या अनीता गुप्ता द्वारा राजकीय बाल गृह (बालिका) स्वरूप नगर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण में बालिका गृह के कक्षों को देखा व उनके रहने की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली, बालिका कैदियों द्वारा बनाये गये जूट के हैण्डक्राफ्ट व अन्य वस्तुओं को देखा। इसके पश्चात उन्होने जिला जेल का भी निरीक्षण किया। जेल निरीक्षण के दौरान अनिता गुप्ता ने महिला कैदियों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली व जेल अधीक्षक डा0 बी0डी0 पाण्डेय को महिला कैदियों को सरकारी योजनाओं के द्वारा परीक्षण दिये जाने के निर्देश दिये। साथ ही सदस्या ने महिला कैदियों के साथ भोजन भी किया। सदस्या ने जेल में महिलाओं के लिये दी जा रही सुविधाओं को परखा तथा उन्होंने जेल के महिला शौचालय, चिकित्सालय का निरीक्षण भी किया।जेल निरीक्षण केदौरान सदस्या के अलावा जेल अधीक्षक डा0 बी0डी0 पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक जनवरी से प्रदूषण जाँच प्रमाण-पत्र जारी करने के शुल्क में हुई वृद्धि

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। अपर परिवहन आयुक्त के निर्देश पर प्रदेश के सभी संभागीय परिवहन अधिकारियों को पत्र जारी कर प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र के निर्धारित शुल्क में बढ़ोत्तरी की गई। अब वाहन स्वामियों को पहले से ज्यादा शुल्क प्रदूषण प्रमाण पत्र बनवाने के लिए देने होंगे।

कानपुर एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने बताया कि अपर आयुक्त परिवहन उ.प्र. के निर्देश पर प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र बनवाने के लिए वाहन स्वामियों को बढ़ी दरो से शुल्क देना होगा।उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश ऑनलाइन मोटरयान प्रदूषण जांच केन्द्र योजना -2020 के नियम -6 के उप नियम (पप) में प्राविधान किया गया है कि ऑनलाइन प्रदूषण प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाने हेतु प्रतिवर्ष जनवरी माह में 5 प्रतिशत वृद्धि अनुमन्य होगी जो न्यूनतम रुपये 5 में पूर्णांकित होगी।एक जनवरी-2025 से अब यह शुल्क प्रदूषण केन्द्रो को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए देना होगा। पेट्रोल चलित दो पहिया वाहन का शुल्क 65 रूपये, तिपहिया वाहन (पेट्रोल/एलपीजी/सी.एन.जी) का शुल्क 85 रूपये, चार पहिया यान (पेट्रोल/एलपीजी/सी.एन.जी) का शुल्क 85 रूपये व डीजल वाहनो को 115 रूपये शुल्क देना होगा।

# किसानों को सीएसए कुलपति ने किया सम्मानित



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए के प्रसार निदेशालय के लाल बहादुर कृषक सभागार में कृषि विज्ञान कानपुर देहात एवं विपणन तथा निरीक्षण निदेशालय कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय किसान दिवस का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह थे वहीं विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ पी के सिंह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मुनीश गंगवार व निदेशक प्रसार डॉक्टर आर के यादव के साथ विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय रहे।कार्यक्रम में अध्यक्ष की भूमिका में गजेंद्र सिंह उप कृषि विपणन सलाहकार भारत सरकार रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने कृषकों से कहा विश्वविद्यालय परिवार आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है।वैज्ञानिक पद्धति से खेती करें, जिसमें किसानों को कृषि उत्पादन का सही मूल्य मिले जिससे उन्हें अधिक मुनाफा हो। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मुनीश कुमार ने देश के पांचवें प्रधानमन्त्री स्व.चौधरी चरण सिंह जी के जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए यह बताया की राष्ट्रीय किसान दिवस 2024 की थीम *स्थायी कृषि के लिए किसानों को सशक्त बनाना* रखा गया है। निदेशक शोध डॉ पीके सिंह ने बताया हरित क्रांति में विश्वविद्यालय का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है।निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने कहा की कृषि विज्ञान केंद्र कृषकों के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं और जिनके परिणाम भी सार्थक देखने को मिल रहे हैं।विश्वविद्यालय की कुल सचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने बताया चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। 1978 में उन्होंने किसान ट्रस्ट की स्थापना की, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समाज को न्याय के महत्व के बारे में जागरूक करना था।

# मिलेट्स एवं मण्डल स्तरीय तिलहन महोत्सव मेले का हुआ आयोजन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन (न्यूट्रीसीरियल घटक) योजना अंतर्गत मिलेट्स महोत्सव मेला एवं मंडल स्तरीय तिलहन मेला का आयोजन कृषि भवन परिसर गुमटी नंबर 9 रावतपुर कानपुर में किया गया। मेले में कृषि बीज, कृषि रक्षा, मृदा परीक्षण, रेशम उद्यान इफको, पशुपालन, मत्य, गन्ना, खाद्य प्रसंस्करण, फसल बीमा आदि पब्लिक एवं प्राइवेट सेक्टर के स्टाल लगाए गए। मेला में मंडल में जनपदों के विभिन्न क्षेत्रों से आए किषको को कृषि तकनीकी जानकारी दी गई। ।

उप कृषि निदेशक चौधरी अरुण कुमार ने विभिन्न क्षेत्रों से आय कृषकों को संबोधित करते हुए कृषि विभाग द्वारा चलाई जारी योजनाओं के विस्तृत जानकारी दी साथ ही मिलेट् एवं तिलहनी फसलों के महत्व प्रकाश डाला। मेला में उपस्थित मुख्य अतिथि दीक्षा जैन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किसानों को मिलेट् फसलों की खेती अधिक से अधिक करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि मिलेट् फसलों को सरकार द्वारा भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ज्वार की खरीद एमएसपी पर की गई है। मिलेट्स की खेती करने पर सिंचाई की खपत कम होती है जिससे किषको की लागत भी काम आएगी। उन्होंने किषको को एफपीओ से जोड़ने हेतु प्रेरित किया जिससे उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हो सके। इसके साथ ही सही मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी गई। उन्होंने किसानो को फसल बीमा कराने हेतु प्रेरित किया ताकि प्राकृतिक आपदा के समय उनको क्षतिपूर्ति प्राप्त हो सके इस दौरान सीएसए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ महेश सिंह, डा हरिश्चंद्र सिंह, डॉ निमिषा अवस्थी, डॉ संजीव सचान, डॉ शंकर सिंह, डॉ आईपी सिंह सचान डॉ अशोक कुमार तिवारी संयुक्त कृषि निदेशक कानपुर मंडल एवं कृषि से संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ समाज के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति से संपर्क कर सपा से जोड़ने का कार्य करेगा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप द्वारा राजेश गौड़ (कश्यप) को समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कानपुर महानगर का अध्यक्ष मनोनीत करने के उपरांत प्रथम सपा महानगर कार्यालय नवीन मार्केट में आगमन पर सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में राजेश गौड (कश्यप) का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया जिसका संचालन सपा के मुख्य प्रवक्ता रजत मिश्रा ने किया स्वागत समारोह की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि आज जो आपको जिम्मेदारी मिली है यह कांटो भरा तक है 2027 के विधानसभा चुनाव में हम सबको मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनना है इसके लिए हमें कड़ी मेहनत और संघर्ष करना होगा तथा पीडीए मिशन तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की नीतियों को भी जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा पहुंचना होगा क्योंकि भाजपा की दमनकारी नीतियों से जनता परेशान है तथा अब जनता का भाजपा से मोह भंग हो गया है तथा जनता अब बदलाव चाहती है क्योंकि बेताहाशा बढती महंगाई से जनता और मध्यम वर्गीय परिवार बहुत परेशान हैनव मनोनीत अध्यक्ष राजेश गौड़ (कश्यप) ने अपने संबोधन में कहा कि पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ समाज के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति से संपर्क अभियान चलाकर पिछड़े समाज तथा पीडीए कि युवा टीम को ज्यादा से ज्यादा पार्टी से जोड़ने का कार्य करेगा प्रदेश अध्यक्ष राज्यपाल कश्यप ने हमको जो जिम्मेदारी दी है उस जिम्मेदारी को मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का भरपूर प्रयास करूंगा स्वागत समारोह में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू सत्यनारायण गहरवार दीपक खोटे प्रवक्ता रजत मिश्रा संजय निषाद जसवेंद्र प्रताप निषाद अवधेश चंद्र निषाद राजकुमार निषाद कालीचरण सोनकर गिरजा शंकर विशंभर बाबी ऋषभ चौधरी दिनेश कमल ईसान मनीष आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में बसपाइयों ने सौंपा ज्ञापन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। संसद सत्र के दौरान केंद्रीय केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अपने वक्तव्य में संविधान निर्माता एवं करोड़ों एससी / एसटी आदि बहुजनों के मसीहा परम पूज्य बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रति अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में बहुजन समाज पार्टी ने अपना विरोध प्रदर्शन करते हुए कानपुर नगर डीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें गृहमंत्री के खिलाफ उचित कदम उठाने की मांग की गई ज्ञापन देने के समय निम्न लोग उपस्थित रहे। नरेश गौतम मुख्य मंडल प्रभारी अनिल पाल मंडल प्रभारी सजय गौतम मंडल प्रभारी जिला अध्यक्ष जेपी गौतम जिला प्रभारी रामनारायण निषाद कमल गौतम पंकज जगत अनूप गौतम जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अमीन जिला महासचिव देवेंद्र कुमार कुशवाहा जिला सचिव सौरभ गौतम जिला कोषाध्यक्ष मोहन मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष रामा आसरे कुरील ओमप्रकाश प्रजापति राजाराम भारती आर के भास्कर बबलू चौधरी राजकुमार कप्तान बीपी अंबेडकर विधानसभा के अध्यक्ष गढ़ रमेश पाल नरेश कुरील सूरज गौतम भगवान दिन की राजकमल वीरेंद्र गौतम संजय सखंवार सर्वेश कुमार निषाद बृजमोहन गौतम बी.आर अहिरवार कुलदीप भदोरिया अमर सिंह अमरजीत सिंह रवि गुप्ता अखिलेश पाल अशोक कालिया आदि बसपाई उपस्थित रहे।

# ख्वाजा का दरबार प्रेम का संदेश देता है, उर्स पर हो राष्ट्रीय अवकाश



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सुल्तान ए हिंद गरीब नवाज़ के सालाना उर्स के दिन राष्ट्रीय अवकाश करने की मांग को लेकर खानकाहे हुसैनी का एक प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस आयुक्त कार्यालय में संयुक्त पुलिस आयुक्त विपीन मिश्रा से मिला व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम सम्बोधित ज्ञापन प्रेषित किया। प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई क़ाज़ी ए शहर मुफ्ती साकिब अदीब मिस्बाही व खादिम खानकाहे हुसैनी इखलाक अहमद चिश्ती कर रहे थे प्रतिनिधि मंडल ने संयुक्त पुलिस आयुक्त को अवगत कराया कि हिंद के महाराजा हज़रत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज़ रहश अलैश ने इंसानियत, सदभाव, मोहब्बत की मिसाल कायम की उन्होंने धर्म, जात-पात, अमीर-गरीब किसी मे कोई भेद नही किया। उनके दरबार मे अमीर गरीब बादशाह फकीर सभी आते है और फैज़ पाते है। ख्वाजा के दरबार मे हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी धर्मों के मानने वाले व दुनियां के विभिन्न देशो से भी लोग आते है। गरीब नवाज़ के सालाना उर्स पर एशिया-यूरोप व अमेरिकी-अफ्रीकी मुल्कों के प्रधानमंत्री व राष्टपति के प्रतिनिधि ख्वाजा के दरबार मे चादर पेशकर अपनी आस्था व्यक्त करते है गरीब नवाज़ का दरबार अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त है। इस अवसर पर विगत वर्षों की भांति देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी द्वारा चादर पेश किये जाने की मुबारकबाद पेश करते है ख्वाजा गरीब नवाज़ के सालाना उर्स के दिन राष्टीय अवकाश की लगभग 20 वर्षों से खानकाहे हुसैनी के साथ उलेमा ए दीन व दरगाहों के सज्जादानशीन मांग कर रहे है लेकिन केंद्र की किसी भी सरकार ने उर्स के दिन राष्ट्रीय अवकाश की मांग पर अमल नहीं किया इतने वर्षों से हो रही मांग पर अमल न होने से देश के करोड़ो भारतीयों में केंद्र सरकार के प्रति रोष है।

# डीएम ने घाटमपुर तहसील में स्पोर्ट्स स्टेडियम को चिन्हित कर भूमि निरीक्षण कर दिए निर्देश



बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा घाटमपुर तहसील में स्पोर्ट्स स्टेडियम के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण कर घाटमपुर तहसील का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, घाटमपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके द्वारा प्रतिदिन सुबह 10 बजे से जनता दर्शन का आयोजन किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं से अच्छा व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद या आपसी विवाद से संबंधित मामलों में दोनों पक्षों को बुलाकर समस्याओं का समाधान किया जाए साथ ही भूमि विवाद के प्रकरणो में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौका पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी समझौते के आधार पर विवादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

शिकायत कर्ता रामनरेश पुत्र स्व0 मनीराम निवासी ग्राम चन्दनपुर मजरा रामसारी थाना घाटमपुर द्वारा शिकायत की गई किउनके पुत्र लाला सिंह को वन विभाग की लकड़ी काटने की मजदूरी मिली थी क्षेत्र केदबंगो द्वारा उनके साथ मारपीट करते हुए उनके ऊपर लोडर चढ़ा दिया गया। जिसके कारण उन्हें गंभीर चोटे आई जिन्हे पुलिस द्वारा सी0एच0सी0 ले जाया गया जहां से उन्हें हैलेट रेफर कर दिया गया, पिता द्वारा अवगत कराया गया की हैलेट में उनका उचित ईलाज नहीं किया जा रहा है, इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल अपर जिलाधिकारी (नगर) को निर्देशित किया कि हैलेट पहुंच कर उनका गुणवतापूर्ण ईलाज कराए तथा एस0एच0ओ0 को निर्देशित करते हुए कहा कि तत्काल आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित कराए। शिकायत कर्ता लल्लन पुत्र स्व0 गोपी निवासी ग्राम व पोस्ट कटरी परगना व तहसील घाटमपुर द्वारा शिकायत कि गई प्रार्थी के मकान की सहन की भूमि पर अराजक तत्वों द्वारा कब्जा किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजने के निर्देश दिए गए। शिकायत कर्ता गुड़िया पत्नी राधवेन्द्र निवासी रंजीतपुर तहसील घाटमपुर द्वारा शिकायत की गई कि प्रार्थी का पट्टा 2023 में हुआ था, जिसका रकबा सं0 863 व 862 है, जिसकी लेखपाल द्वारा पैमाइस नहीं की जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल उप जिलाधिकारी घाटमपुर को निर्देशित किया की टीम भेज कर पैमाइस की कार्यवाही सुनिश्चित कराए। शिकायत कर्ता भुल्लन सिंह पुत्र स्व0 गणेश सिंह निवासी ग्राम चन्दनपुर रामसारी तहसील घाटमपुर, ब्लाक पतारा द्वारा शिकायत की उनकी गाटा संख्या 16 मि0 रकबा 0.1020 हे0 है प्रार्थी द्वारा ट्रेजरी में धराशि जमा की गई है, जिसके उपरान्त भी लेखपाल द्वारा नाप नहीं की जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी घाटमपुर को निर्देशित किया गया की तत्काल टीम भेजकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराए। इस अवसर उप जिलाधिकारी घाटमपुर तहसीलदार, नायबतहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने फरियादियों की समस्याओं को सुना

कानपुर। थाना समाधान दिवस के मौके पर पुलिस उपायुक्त पश्चिम, श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना कल्याणपुर मे उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया। साथ ही प्रतिदिन प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रो की तत्काल जाँच करा कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए निस्तारण कराये जाने एवं आगंतुकों/पीड़ितों से सम्मान पूर्वक व्यवहार करने तथा उनके बैठने की उचित व्यवस्था करने के साथ ही सभी की समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुनकर उनके शीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारी कल्याणपुर को निर्देशित किया गया, इसके अतिरिक्त थाने में बीट पुलिस ऑफीसर को अपने बीट क्षेत्र में सक्रिय होकर समस्याओ की जाँच कर एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही को नियत समय में निस्तारण करने के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर भी मौजूद रहे।

# सपाइयों ने चौधरी नाहर सिंह यादव को किया याद



बीपीएस न्यूज

कानपुर। समाजवादी पार्टी कानपुर नगर ग्रामीण कार्यालय नवीन मार्केट परेड में ग्रामीण के समाजवादी नेता जिलाध्यक्ष रहे स्व0 चौधरी नाहर सिंह यादव की 12वीं पुण्य तिथि पर जिलाध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष ने एक विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहां कि चौधरी नाहर सिंह ने बड़ी मुसीबतों का सामना करते हुए इलाहाबाद विश्व विद्यालय से विधि की शिक्षा प्राप्त की थी। उन्होंने अपने जीवनपर्यन्त गरीबों, मज़दूरों, किसानों, छात्रों की सहायता की। उत्तर प्रदेश में सपा सरकार के दौरान कानपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष रहते हुए उनका देहान्त 28 दिसंबर 2012 को हो गया था जिससे कानपुर में सपा को बहुत बड़ी क्षति हुई जिसकी भरपाई होना असम्भव है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरीकुशवाह, सुरेश गुप्ता, नरेन्द्र सिंह, इम्तियाज रसूल कुरैशी, मुर्तजा हुसैन, धीरेन्द्र सिंह, रवि शंकर गुप्ता, नितिन गुप्ता राजीव अवस्थी, आदि लोग मौजूद रहे।

# आखिरकार सूटरगंज के शैतान पर एफआईआर दर्ज हुई

## एफएम कालोनी निवासी युवती का कथित उत्पीड़न कर सुसाइड के लिए कर दिया था विवश

बीपीएस न्यूज

कानपुर। आखिरकार एफएम कालोनी के पीड़ित परिवार और उनकी मरहूम बेटी को न्याय मिलने जा रहा है। डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने इंस्पेक्टर ग्वालटोली को इस संबंध में कथित तौर पर आदेश दे दिया है।

20 दिन से अधिक बीत जाने के बाद भी, जांच के नाम पर आज तलक एफआईआर दर्ज नहीं किये जाने पर डीसीपी पुलिस का पक्ष रखा।

डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी के अनुसार पहले तो कथित पीड़ित पक्ष बेटी की आत्महत्या के कई दिनों बाद एफआईआर कराने आया। उसके बाद कहा कि पीड़ित ने शव का पोस्टमार्ट नहीं करवाया। पोस्टमार्टम से पहले ही शव दफना दिया। ऐसे में इन्क्वारी पूरा होने से पहले ही कैसे एफआईआर दर्ज कर ली जाये।

बता दें कि सूटरगंज में रहने वाले थोक दवा व्यापारी पर एफएम कालोनी में रहने वाले अपने ही दोस्त की बेटी का यौन उत्पीड़न करने, शादी तय हो जाने पर रिश्ता तुड़वाकर डिप्रेशन में डालने और फिर आत्महत्या के लिये विवश कर देने का आरोप है। मुस्लिम समाज की इस युवति ने रिश्ता टूट जाने पर डिप्रेशन में आत्महत्या कर ली थी। इतना ही नहीं, मृतका की नाबालिग छोटी बहन तक ने आरोपी दवा व्यापारी पर उसके कई बार छेड़खानी करने और हैरेस करने का आरोप लगाया था।

ये भी बता दें कि आरोपी की बिरहाना रोड दवा मार्केट में मेन रोड पर ही पुरानी थोक दवाओं की दुकान है। ग्वालटोली में एक और मेडिकल स्टोर है। वहीं ग्वालटोली के एक नामी शख्स के साथ पार्टनरशिप में बिल्डर के तौर पर भी सक्रिय है। शहर में उसकी कई बेनामी प्रॉपर्टीज भी बताई जा रही हैं।

# प्रांतीय अधिवेशन की तैयारी बैठक एवं सम्मान समारोह

बीपीएस न्यूज

कानपुर। भगवान परशुराम महासभा के प्रांतीय अधिवेशन की तैयारी हेतु बैठक का आयोजन रविवार 29 दिसंबर को किया जाएगा।

इस सभा में अधिवेशन संबंधी तैयारियों पर चर्चा होगी। कलम एक स्वैच्छिक संस्था के संग संयुक्त रूप से इसका आयोजन कर रही भगवान परशुराम महासभा के पश्चिम शाखा जिलाध्यक्ष पं. अनिल द्विवेदी और उत्तर पश्चिम शाखा उपाध्यक्ष डॉ विपिन शुक्ला ने बताया कि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेश अवस्थी की मौजूदगी में विशिष्ट जनों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार मंधना से बिठूर रोड ब्लू वर्ल्ड से विठूर की ओर लगभग 2 किलोमीटर आगे नोन नदी पार कर 300 मी बाएं हाथ पर कलम फार्म हाउस में यह महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होना है। कार्यक्रम का समय रविवार पूर्वान्ह 11:30 से शाम 3:00 बजे तक है, जिसमें बड़ी संख्या में संगठन से जुड़े गणमान्यों के अलावा ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद होंगे। वहीं चोखा बाटी स्वल्पाहार कार्यक्रम विशेष आकर्षण रहेगा।

# स्कूल स्तरीय मोबिलाइजेशन में फसल अवशेष प्रबंधन पर प्रतियोगिता



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा चंद्र विद्या मंदिर इंटर कॉलेज देवीपुर कानपुर देहात में फसल अवशेष प्रबंधन योजना मोबिलाइजेशन ऑफ स्टूडेन्ट कार्यक्रम हुआ। जिसमें छात्र छात्राओं को फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी। मृदा वैज्ञानिक डॉक्टर खलील खान ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को जागरूक करने के लिए प्रश्नोतरी, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता हुई। डॉ खान ने छात्र-छात्राओं को बताया कि फसल अवशेष कम्पोष्ट खाद बनाने में सहायक है। मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक क्रियाओं में लाभदायक है। कृषि प्रसार वैज्ञानिक डॉ राजेश राय ने छात्र-छात्राओं को बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन हेतु हैप्पी सी सुपरसीडर, मल्चर, रोलर सहित अन्य कृषि यंत्र हैं जो फसल अवशेष का प्रबंध करते हैं।

कार्यक्रम में प्रबंधक रामसनेही पाल, गौरव शुक्ला, शुभम् यादव सहित अध्यापक अर्पित पाल, विनोदिनी, निधि सहित अन्य अध्यापकों ने हिस्सा लिया।

# नववर्ष को लेकर शहर की सड़कों में घूमे सीपी अखिल कुमार



बीपीएस न्यूज

कानपुर। तेजतर्रार पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने आगामी नववर्ष के दृष्टिगत शुक्रवार शाम को शहर में भ्रमणशील रहे। कानून एवं यातयात- व्यवस्था का हाल जानने के लिए परमट मंदिर और गंगा घाट पर पहुंचकर सुरक्षा एवं रूट व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसी क्रम में पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने पैदल गश्त कर यातायात व्यवस्था की नब्ज टटोली साथ ही मौके पर मौजूद।

अधिकारियों एवं थाना प्रभारी ग्वालटोली व चौकी इंचार्ज परमट मंदिर को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत महिला और पुलिस बल पर्याप्त होना चाहिए। भीड़भाड़ वाली बाजारों एंट्री रोमियो टीम की विशेष नजर रहनी चाहिए। पुलिस आयुक्त ने सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गहन मंथन किया और सुरक्षाकर्मियों को सुरक्षा मजबूत रखने तथा और अधिक अभेद्य रखने के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिए है।

# शुगर मिल से गंगा में दूषित पानी बहाने पर प्रदूषण कार्यालय में प्रदर्शन

कानपुर। हमें गंगाजल चाहिए, गंदा नाला नहीं चाहिए, जटा से निकली गंगा धारा शहर में मिल गया सीवर नाला... नारों के साथ गंगा प्रहरियों ने आवास विकास स्थित गंगा प्रदूषण कार्यालय में प्रदर्शन किया। गंगा प्रहरियों ने गंगा का दूषित जल लेकर प्रदर्शन करते हुए अविरल-निर्मल गंगा की मांग की।

गंगा प्रदूषण मुक्ति अभियान समिति भारत के पदाधिकारियों ने गंगा सफाई को लेकर पनकी आवास विकास स्थित गंगा प्रदूषण कार्यालय में प्रदर्शन किया। अभियान के संयोजक व गंगा रक्षापीठ के पीठाधीश्वर पं. रामजी त्रिपाठी ने कहा कि अविरल गंगा के लिए पं. मदन मोहन मालवीय ने ब्रिटिश सरकार से एक समझौता किया था। समझौते में ब्रिटिश सरकार ने वादा किया था कि गंगा की अविरलता नष्ट नहीं करेंगे। लेकिन स्वतंत्र भारत में गंगा में व्यापक रुप से बांध बने और गंगा की अविरलता नष्ट कर दी। शहरों निकलने वाला प्रदूषित जल सीधे सहायक नदियों के माध्यम से गंगा में जा रहा है। शुगर मिल से छत्तों का स्टॉक हर साल छोड़ा जाता है। आगामी महाकुंभ के मद्देनजर अधिकारियों को सीवर व कारखानों का पानी गंगा में न जाने की सख्त हिदायत दी गई, लेकिन सीवर व उद्योगों का पानी लगातार डिस्चार्ज होगई, लेकिन सीवर व उद्योगों का पानी लगातार डिस्चार्ज हो रहा है। जो कि श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ है। पदाधिकारियों ने अल्टीमेटम दिया कि जनवरी के पहले सप्ताह तक गंगा साफ नही हुई तो प्रहरी आंदोलन को बाध्य होंगे। इस मौके पर गंगा प्रहरी दिनेश तिवारी, सिद्धिनाथ तिवारी, संजय शुक्ला, विजय तिवारी, हरि नारायण सिंह, राजेश बाजपेई, आर वी सिंह, मनोरमा मिश्रा, सुनीता शुक्ला, निशा, इन्नो तिवारी मौजूद रहीं।

# पुलिस ने संगठित गिरोह पर जोरदार कसा शिकंजा

## ◆ आरोप में गिरोह को अन्तर परिक्षेत्रीय गैंग के रूप में हुआ पंजीकरण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। थाना स्वरूपनगर में कमलेश फाइटर और उसके पांच साथियों पर अवैध वसूली और धमकी के आरोप में गिरोह को अन्तर परिक्षेत्रीय गैंग के रूप में हुआ पंजीकरण स्वरूपनगर पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों की संस्तुति व थाना प्रभारी स्वरूपनगर की आख्या पर कमलेश फाइटर गैंग को किया पंजीकृत 27 दिसंबर को प्रभारी निरीक्षक, स्वरूपनगर कमिश्नरेट की प्राप्त आख्या एवं सहायक पुलिस आयुक्त, स्वरूपनगर,

अपर पुलिस उपायुक्त, सेन्ट्रल कमिश्नरेट कानपुर नगर, तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की संस्तुति के आधार पर निम्नलिखित अपराधियों के एक संगठित गिरोह को पंजीकृत किया गया है।

इनका स्वच्छंद घूमना जनता के हित में नहीं है। डीजी परिपत्र संख्या 46/24 के अनुपालन में इन अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए यह कार्यवाही की गई है। गैंग लीडर- कमलेश फाइटर उर्फ कमलेश कुमार पुत्र रामऔतार नि0- 1/5 लक्ष्मीरतन कालोनी थाना नजीराबाद कानपुर नगर, उम्र 45 वर्ष। सदस्य- मो0 रिवाज पुत्र मो0जावेद नि0- 105/111 जुबली रोड, जुबली स्कूल के पास थाना चमनगंज कानपुर नगर, उम्र लगभग 34 वर्षी सदस्य- मुशीर खान पुत्र स्वं) अच्छे खान नि0- 90/219 इस्तिकाराबाद, थाना अनवरगंज कानपुर नगर, उम्र 32 वर्ष। सदस्य- संजय पाल उर्फ बद्दा पुत्र शिवकुमार पाल नि0-235/09 हरिहरनाथ शास्त्री नगर थाना काकादेव कानपुर नगर उम्र 55 वर्ष। - सदस्य- सूरज कुमार उर्फ मजनू पुत्र रवीन्द्र नि0 ग्राम नरैनी थाना नरैनी जनपद बाँदा उम्र 22 वर्ष। 5 सदस्य- शानू लफ्फाज पुत्र अब्दुल हमीद उर्फ हनीफ नि0-92/70 हीरामन का पुरवा, मस्जिद के पास थाना बेकनगंज कानपुर नगर उम्र लगभग 38 वर्ष।

# पान मसाला व्यवसायी को धमकी, व्यापार करना है तो रुपए दे दो, नहीं तो जान से मार दूंगा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। उद्योगपति शुद्ध प्लस के मालिक दीपक खेमका को जान से मारने की धमकी मिली है। कॉलर ने कहा है कि अगर व्यापार करना चाहते हो तो रुपए दे दो। अगर रुपए नहीं दिए तो जान से मार दिए जाओगे। शुक्रवार को धमकी मिलने के बाद उद्योगपति ने कोहना थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराई है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक धमकी देने वाले के बारे में जानकारी लगभग मिल गई है। कुछ तथ्यों का सत्यापन करने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पार्वती बागला रोड निवासी दीपक खेमका शुद्ध प्लस पान मसाला प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के मालिक है।

देश के कई शहरों में इनका व्यापार है। एफआईआर के मुताबिक, मैं शुक्रवार सुबह अपनी कार से फैक्ट्री जा रहा था। इसी समय मेरे मोबाइल पर एक कॉल आई। जैसे ही मैंने हैलो बोला, उधर से कॉलर ने कहा- अगर आपको व्यापार ठीक से करना है और सुरक्षित रहना है तो जो नंबर दे रहा हूं उस पर तुरंत संपर्क करो। दीपक खेमका ने बताया, कॉलर ने दूसरा मोबाइल नंबर दिया और बोला- इस नंबर पर बात करो। जैसा कह रहे हैं वैसा करो तो सुरक्षित रहोगे। उन्होंने दूसरे नंबर पर कॉल नहीं किया। लेकिन थोड़ी ही देर में दिए गए मोबाइल नम्बर से दो-तीन बार मेरे पास कॉल आई। दीपक खेमका ने बताया- उस नम्बर पर बात की। उसने रुपए देने की बात कही। लेकिन इस बार मैंने कॉलर को साफ मना कर दिया कि हम आपके रुपए पैसे की कोई भी डिमांड पूरी नहीं कर पाएंगे। दीपक खेमका के पास शुक्रवार की सुबह लगभग 11:30 बजे तीसरे नंबर से कॉल आया। इस पर फिर धमकी दी गई कि तुमने फोन पर मना करके अच्छा नहीं किया। अब तुम देखोगे कि क्या होता है। इसके बाद उद्योगपति ने कोहना थाने में तहरीर दी। डीसीपी सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी ने कहा- अब तक की जांच में यह जानकारी मिल रही है कि उद्योगपति को फोन करने वाला उन्हीं का कोई कर्मचारी है। जिसे उन्होंने कुछ समय पहले निकाल दिया था। हालांकि कुछ और तथ्य भी सामने आए हैं। इन सभी का सत्यापन कराया जा रहा है। जिन फोन नम्बरों से धमकी मिली थी वो स्विच ऑफ जा रहे हैं।

# ईश्वर-अल्लाह तेरो नाम' गाने पर गायिका को मांगनी पड़ी माफी, भाजपा पर भड़के लालू



पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में उस समय बवाल हो गया जब लोक गायिका ने प्रतिष्ठित भजन 'रघुपति राघव राजा राम' की प्रस्तुति दी और ईश्वर अल्लाह तेरो नाम की पंक्तियाँ गाईं।जैसे ही लोक गायिका देवी ने पंक्तियां गाईं, दर्शकों के एक वर्ग ने विरोध किया और नारेबाजी शुरू कर दी। मामला बढ़ने पर गायिका देवी ने मंच से माफी मांगी।उन्हें माफी मांगने को भी कहा गया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे भी मौजूद रहे।केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे स्थिति को संभालने के लिए आगे आए।

वह लोक गायिक को मंच से उतारते भी दिखे।माफीनामे के बाद कार्यक्रम स्थल पर 'जय श्री राम' के नारे गूंज उठे। अश्विनी चौबे ने भी 'जय श्री राम' की हुंकार भरी। महात्मा गांधी से निकटता से जुड़ा यह भजन एकता का संदेश देता है। 'मैं अटल रहूंगा' शीर्षक वाला कार्यक्रम, उनकी जयंती के अवसर पर भाजपा के दिग्गज नेता के योगदान को याद करने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में चौबे के अलावा डॉ. सीपी ठाकुर, संजय पासवान और शाहनवाज हुसैन भी मौजूद थे।बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए एक्स पर लिखा कि पटना में कल गायिका ने जब गांधी जी का भजन रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम गाया तो नीतीश कुमार के साथी भाजपाइयों ने हंगामा खड़ा कर दिया।

भजन से ओछी समझ के टुच्चे लोगों की भावनाएं आहत हो गयी। भजन गायिका देवी को माफ़ी माँगनी पड़ी।उन्होंने आगे कहा कि संघियों और भाजपाइयों को जय सियाराम, जय सीताराम के नाम एवं नारे से शुरू ही नफरत है क्योंकि उसमें माता सीता का जयकारा है। ये लोग शुरू से ही महिला विरोधी है तथा जय श्री राम' के नारे के साथ आधी आबादी महिलाओं का भी अपमान करते हैं।लालू ने कहा कि गायिका देवी ने कल कार्यक्रम में बापू के नाम पर निर्मित सभागार में बापू का भजन गाकर उसने सीताराम बोल दिया तो टुच्चे भाजपाइयों ने माइक पर उससे माफ़ी मंगवाई तथा माता सीता के जय सीताराम की बजाय जय श्रीराम के नारे लगवाए। ये संघी सीता माता सहित महिलाओं का अपमान क्यों करते है ?

# ऑनलाइन ऑर्डर किया घरेलू सामान, डिलीवर हुई लाश!

आंध्र प्रदेश के गोदावरी जिले से एक सनसनीखेज खबर सामने आई है. यहां एक महिला ने ऑनलाइन घरेलू सामान ऑर्डर किया था. लेकिन उसे सड़ी गली लाश डिलीवर की गई. दरअसल इस महिला ने अपने घर के लिए इलेक्ट्रिक सामान मंगाया था लेकिन घर पर जब पार्सल पहुंचा तो उसे खोलने के बाद महिला के होश उड़ गए. दरअसल, पार्सल के अंदर इलेक्ट्रिक सामान की जगह सड़ी-गली लाश थी.

यही नहीं लाश के साथ एक धमकी भरा पत्र भी मिला. जिसमें 1 करोड़ 30 लाख की मांग की गई और मांग पूरी नहीं होने पर महिला के परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई. इस सनसनीखेज घटना की सूचना महिला ने फौरन पुलिस को दी.

जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और अपनी जांच शुरू की. दिल दहला देने वाली इस घटना से आस पास के लोगों में दहशत हैपुलिस पार्सल पहुंचाने वाले शख्स की तलाश कर रही है. वहीं स्थानीय पुलिस अपनी तमाम कोशिशों के साथ-साथ ये पता लगाने की भी कोशिश कर रही है कि आखिर उस पैकेट में किसकी लाश थी ? हत्यारे का मोटिव क्या था. आखिर डिलीवरी में सड़ी गली लाश कैसे पहुंची ये गुत्थी सुलझाना पुलिस के लिए पहेली बन गया है.

# श्री बज्रांग आश्रम देवली में विद्यार्थियों में किया गया स्वेटर वितरण

प्रतापपुर - क्षेत्र के देवली ग्राम में प्राचीन काल से श्री बज्रांग आश्रम (देवली मंदिर) स्थित है जिसमें सनातन धर्म की शिक्षा के लिए आवासीय गुरुकुल संचालित होता है

जहां देश प्रदेश के कई जनपदों से विद्यार्थी वेद वेदांग धर्मशास्त्र व्याकरण आदि की शिक्षा दिक्षा आश्रम में रहकर ग्रहण करते हैं तथा और अगल बगल क्षेत्रों से भी छात्र पढ़ने आते हैं।

विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा वस्त्र भोजन पुस्तकें आदि प्रदान किया जाता है इसी क्रम में ठंडी के वस्त्र स्वेटर इनर टोपी आदि वितरित करने हेतु सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) फूलपुर पंकज लावानिया को आमंत्रित किया गया एसीपी फूलपुर ने आश्रम पहुंचकर आश्रम स्थित श्री हनुमानजी एवं पंचमुखी श्रीशिव जी का वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन किया ।

और सभी विद्यार्थियों को स्वेटर आदि वितरण किया।

गुरुकुल संचालक आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक ने आये हुए समस्त अतिथियों का चंदन टीका माला अंगवस्त्र आदि प्रदान कर सम्मानित करते हुए आश्रम की व्यवस्था और परेशानियां जो आये दिन ईंट पत्थर फेंके जाने तथा उपद्रवियों द्वारा किए जाने वाले उपद्रव से अवगत कराया एसीपी पंकज लावानिया ने आश्रम की सुरक्षा हेतु आश्वासन और पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए कहा।इस अवसर पर बच्चन मिश्रा प्रधान पिलिखिनी,प्रवंधक धीरेन्द्र नारायण मिश्र,धर्मेन्द्र नारायण मिश्र,पूर्व प्रधान रामपुर पंडित साधू मिश्र,अभिनव द्विवेदी,आलोक द्विवेदी,पंडित अवधेश पाण्डेय,एड. अनिल द्विवेदी,पंधारी यादव,पंडित विकास मिश्र, कृष्णकांत ओझा,डॉ त्र्यंबकनाथ उपाध्याय,डॉ कौशलेंद्र मिश्र,अखिलेश मौर्य,संतोष तिवारी,पंडित श्यामसुंदर पाण्डेय आदि सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 5-8वीं में फेल हुए तो नहीं मिलेगा अगली क्लास में प्रमोशन, मोदी सरकार का बड़ा कदम

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म कर दिया है. इस फैसले के तहत अब क्लास 5 और 8 की वार्षिक परीक्षाओं में असफल होने वाले स्टूडेंट्स को फेल किया जाएगा. हालांकि, स्टूडेंट्स को अपनी क्लासेस पास करने के लिए दूसरा मौका दिया जाएगा. इस नई नीति का उद्देश्य स्टूडेंट्स की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाना और एकेडमिक परफॉर्मेंस में सुधार लाना है.केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने स्टूडेंट्स के एकेडमिक परफॉरमेंस में सुधार लाने के मकसद से 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म करने का फैसला लिया है. यह नीति लंबे समय से चर्चा में थी, लेकिन अब नई व्यवस्था के तहत क्लास 5 और 8 में वार्षिक परीक्षा में असफल होने वाले स्टूडेंट्स को फेल किया जाएगा.

इस नई व्यवस्था के अनुसार, असफल स्टूडेंट्स को दो महीने के भीतर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा, लेकिन अगर स्टूडेंट्स दोबारा असफल होते हैं, तो उन्हें अगली क्लास में प्रमोट नहीं किया जाएगा. हालांकि, सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि क्लास 8 तक किसी भी स्टूडेंट्स को स्कूल से निष्कासित नहीं किया जाएगा.शिक्षा मंत्रालय के सचिव संजय कुमार ने बताया कि यह फैसला बच्चों के पढ़ाई के परिणाम सुधारने के उद्देश्य से लिया गया है. उनका कहना है कि बच्चों की सीखने की क्षमता में गिरावट को रोकने के लिए इस कदम को जरूरी समझा गया.

# उत्तर प्रदेश के संभल हिंसा पर बड़ा खुलासा, पुलिस को 40 से ज्यादा गुमनाम लेटर मिले

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में कुछ हफ्ते पहले हुई हिंसा के संबंध में पुलिस को 40 से अधिक गुमनाम पत्र प्राप्त हुए, जो क्षेत्र के आसपास से हिंदू मंदिरों, बावड़ियों के उत्खनन के बाद से चर्चा में हैं। पुलिस के मुताबिक, पत्रों में अलग-अलग इलाकों के लोगों के हिंसा में शामिल होने और संभल में 'बाहरी लोगों' के आने का जिक्र है। कथित तौर पर पत्रों में सुबह 3 बजे हापुड़ से संभल के लिए निकलने वाले लोगों और बुलंदशहर, रामपुर, अमरोहा और मोरादाबाद से लोगों के संभल पहुंचने का भी जिक्र है। पुलिस ने कहा कि वह पत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर कार्रवाई करेगी। पुलिस इस मामले में 15 संभावित संदिग्धों से पूछताछ कर रही है और इन इलाकों से सबूत इकट्ठा करने के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं. करीब 200 लोगों की कॉल डिटेल भी निकाली गई हैएक अधिकारी ने बताया कि यहां चंदौसी के लक्ष्मण गंज इलाके में खुदाई के दौरान लगभग 125 से 150 साल पुरानी और 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली एक बावड़ी का पता चला। चंदौसी नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने कहा, साइट पर खुदाई शनिवार को शुरू हुई। यह 46 वर्षों तक बंद रहने के बाद 13 दिसंबर को संभल में भस्म शंकर मंदिर के फिर से खुलने के बाद आया है। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान इस संरचना की खोज की। अधिकारियों ने कहा था कि मंदिर के कुएं के अंदर दो क्षतिग्रस्त मूर्तियां पाई गईं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार इस बावड़ी का निर्माण बिलारी के राजा के नाना के शासनकाल में हुआ था।संभल के जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि साइट पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा सर्वेक्षण की संभावना पर विचार किया जा रहा है, और यदि आवश्यक हो तो एएसआई को एक अनुरोध प्रस्तुत किया जा सकता है। 19 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के शुरुआती सर्वे के बाद से ही संभल में तनाव बना हुआ था। यह सर्वेक्षण एक याचिका के बाद अदालत के आदेश पर किया गया था जिसमें दावा किया गया था कि इस स्थान पर कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था।

# भारत दुनिया में किसी से नहीं डरता, जो सही होगा वही करेगा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर 'वीटो' लगाने की अनुमति नहीं देगा और वह किसी डर की परवाह किए बिना राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा वह करेगा. मुंबई में एक समारोह के लिए दिए गए वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि जब भारत वैश्विक चेतना में अधिक गहराई से अंकित हो जाता है, तो इसके परिणाम वास्तव में बहुत ज़बर्दस्त होते हैं. उन्होंने कहा कि अस्वस्थ आदतों, तनावपूर्ण जीवनशैली या बार-बार होने वाली जलवायु घटनाओं से जूझ रही दुनिया में भारत की विरासत से बहुत कुछ सीखा जा सकता है, लेकिन दुनिया को तभी पता चलेगा जब देशवासी इस पर गर्व करेंगे.

जयशंकर ने कहा कि वैश्वीकरण के युग में प्रौद्योगिकी और परंपरा को एक साथ चलना होगा. उन्होंने कहा, 卐भारत अवश्य ही प्रगति करेगा, लेकिन उसे अपनी भारतीयता खोए बिना ऐसा करना होगा. तभी हम बहुध्रुवीय विश्व में वास्तव में अग्रणी शक्ति के रूप में उभर पाएंगे.

जयशंकर को 27वें 'एसआईईएस श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती नेशनल एमिनेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है. पुरस्कार का नाम कांची कामकोटि पीठम के 68वें द्रष्टा दिवंगत श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती के नाम पर रखा गया है. विदेश मंत्री इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए लेकिन उन्होंने अपना वीडियो संदेश भेजा. उन्होंने कहा, स्वतंत्रता को कभी भी तटस्थता के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए. हम 'संगत' होने के किसी डर की परवाह किए बिना अपने राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा, वह करेंगे. भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर वीटो लगाने की अनुमति नहीं दे सकता. ।

# जब सत्ता चाहिए थी तब मंदिर-मंदिर करते थे, सत्ता मिल गयी तो कह रहे हैं मंदिर मत ढूँढ़ो



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हाल ही में एक संबोधन के दौरान कहा था कि हर जगह मंदिर ढूँढ़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मोहन भागवत के बयान का विपक्षी दलों सहित समाज के एक बड़े वर्ग ने स्वागत किया था लेकिन ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत की आलोचना करते हुए उन पर 'राजनीतिक सुविधा' के अनुसार बयान देने का आरोप लगाया है।उन्होंने कहा है कि जब उन्हें सत्ता प्राप्त करनी थी, तब वह मंदिर-मंदिर करते थे अब सत्ता मिल गई तो मंदिर नहीं ढूंढ़ने की नसीहत दे रहे हैं।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को कड़ा कदम उठाते हुए भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को उनके देश भेज देना चाहिए। उन्होंने बंगलादेश में हिंदुओं पर अत्याचार मामले में केंद्र सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने के लिए उसकी आलोचना भी की। शंकराचार्य ने पूर्व में आक्रांताओं द्वारा कथित रूप से तोड़े गए मंदिरों की सूची बनाकर उनका पुरातत्व सर्वेक्षण किए जाने तथा हिंदू समाज के गौरव को पुन: पुरस्थापित किए जाने की भी मांग की। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि अतीत में हिंदू समाज के साथ बहुत अत्याचर हुआ है और हिंदुओं के धर्मस्थलों को तहस नहस किया गया है। उन्होंने कहा, अगर अब हिंदू समाज अपने मंदिरों का पुनरूद्धार कर उन्हें पुन: संरक्षित करना चाहता है तो इसमें गलत क्या है ?

शंकराचार्य ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के संसद में बीआर आंबेडकर पर दिए बयान की भी आलोचना की। उन्होंने संसद परिसर में धक्का-मुक्की प्रकरण पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी का बचाव करते हुए कहा कि धक्का-मुक्की प्रकरण की वजह केंद्रीय गृह मंत्री का आंबेडकर पर दिया वक्तव्य है। उन्होंने कहा कि देश में आंबेडकर की विचारधारा मानने वाले लोग अधिक हैं इसलिए हर कोई अपनी राजनीति के लिए उनके नाम का इस्तेमाल कर रहा है।

# पन्नू जैसे सैकड़ों पागल देखे है, ये खालिस्तानी महाकुंभ में आया तो मारकर भगा देंगे

अखाड़ा परिषद ने सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को समुदायों के बीच बंटवारा पैदा करने की कोशिश को लेकर बुधवार को आड़े हाथों लिया. उसने एक वीडियो में महाकुंभ को निशाना बनाने की कथित तौर पर धमकी दी है. सोमवार को पीलीभीत में उत्तर प्रदेश और पंजाब पुलिस के साथ एनकाउंटर में खालिस्तानी जिंदाबाद फोर्स के तीन आतंकवादी मारे गए जिसके बाद महाकुंभ में प्रमुख स्नान तिथियों - 14 जनवरी (मकर संक्रांति), 29 जनवरी (मौनी अमावस्या) और तीन फरवरी (बसंत पंचमी) को बाधित करने की धमकी देने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया. इस वीडियो में आवाज खालिस्तान समर्थक पन्नू की बताई जा रही है.

यहां महाकुंभ में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा, 'पन्नू नाम का जो व्यक्ति है, अगर कहीं ये हमारे महाकुंभ में आया तो इसे मार-मारकर भगाया जाएगा. हमने ऐसे पागल सैकड़ों की संख्या में देखे हैं. 'उन्होंने आगे कहा, 'यह महाकुंभ का मेला है. जितने भी सिख और हिंदू हैं, सभी एक हैं. पन्नू ने आपस में लोगों को बांटने वाली जो बात की है, वह ठीक नहीं है. सिख समाज ने ही सनातन धर्म को बचाए रखा है.'

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने कहा, 'हमारे यहां नागा साधुओं की तरह उनके (सिखों के) यहां भी नागा साधु होते हैं. ये दोनों एक ही हैं और सनातन के सैनिक हैं. इसलिए हम इन पागलों को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेते. 'उन्होंने कहा कि पन्नू की बातों को ज्यादा महत्व नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि वह हमेशा ही ऐसी भाषा का इस्तेमाल करता है जिससे देश में बंटवारा पैदा हो और वह हमेशा से ही सनातन धर्म पर हमला करने का प्रयास करता रहा है. महंत रवींद्र पुरी ने कहा, 'आपने देखा होगा कि हमारे तीन अखाड़े- बड़ा उदासीन अखाड़ा, नया अखाड़ा उदासीन और निर्मल अखाड़ा पंजाब से हैं जहां सिद्ध साधु महात्मा है. इसलिए हम ऐसे उग्रवादी को गंभीरता से नहीं लेते हैं.'

पन्नू प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस (स्छ्ब्स्न) का सरगना है और उसे भारत सरकार ने आतंकवादी घोषित किया है. इसके अलावा भी स्स्न्छ्ब एक प्रतिबंधित संगठन है, ।

# पुरुषों को लिफ्ट दिया, शारीरिक संबंध बनाए और फिर मार दिया, खौफनाक कहानी

पंजाब में 18 महीने के भीतर 11 लोगों की हत्या करने वाले एक सीरियल किलर को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने आरोपी को रूपनगर जिले से पकड़ा है, जिसकी पहचान होशियारपुर के गढ़शंकर के चौरा गांव निवासी 33 साल के राम स्वरूप के रूप में हुई है. आरोपी पहले पीड़ितों को लिफ्त देता था और फिर उनसे लूटपाट करता था. पैसे देने से इनकार करने पर उन्हें मौत के घाट उतार देता था. इतना ही नहीं आरोपी पीड़ितों के साथ यौन क्रियाकलाप भी करता था, जबकि सभी पीड़ित पुरुष थे. आरोपी ने एक पीड़ित की हत्या के बाद उसके पीठ पर धोखेबाज भी लिख दिया था, जो एक प्राइवेट कारखाने में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करने वाला एक पूर्व सैनिक था.

पंजाब के रूपनगर में पुलिस ने पिछले 18 महीनों में 11 लोगों की हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी की पहचान होशियारपुर जिले के चौरा गांव के राम स्वरूप उर्फ सोढ़ी के रूप में हुई है. आरोपी को सोमवार को एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया था और पूछताछ के दौरान पता चला कि वह 'सीरियल किलर' है.पुलिस ने कहा कि वह अपनी कार में लिफ्ट देकर पुरुषों को लूट लेता था और विरोध करने पर उनकी हत्या कर देता था. रूपनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गुलनीत सिंह खुराना ने कहा कि जिले में जघन्य अपराधों के मामलों को सुलझाने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं. गुलनीत खुराना ने कहा कि हत्या के मामलों में शामिल अपराधियों को पकड़ने के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया था. कीरतपुर साहिब में हत्या के एक मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि 18 अगस्त को लगभग 37 साल के व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी, जो टोल प्लाजा मोदरा पर चाय और पानी देता था.

पुलिस ने कहा कि इस मामले की जांच में रामस्वरूप की गिरफ्तारी हुई और बाद में पूछताछ के दौरान अन्य मामलों में उसकी संलिप्तता का खुलासा हुआ. अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूल किया कि इस मामले के अलावा उसने 10 अन्य हत्याएं की हैं. उन्होंने बताया कि आरोपी ने फतेहगढ़ साहिब और होशियारपुर जिलों में हत्याएं करने की बात भी स्वीकार की है. पुलिस ने कहा कि वह पीड़ितों का गला घोंट देता था या फिर ईंट-पत्थर जैसी वस्तुओं से उनकी हत्या कर देता था.

पुलिस के अनुसार, पीड़ित सभी पुरुष थे, जिनको लिफ्ट देने के बाद राम स्वरूप उर्फ सोढ़ी (सीरियल किलर) उनके साथ शारीरिक संबंध भी बनाता था. इसके बाद वह पुरुषों से लूटपाट करता था और झगड़े या पीड़ितों द्वारा पैसे देने से इनकार करने के बाद उन्हें मार डालता था. अधिकारियों ने कहा कि ज्यादातर मामलों में आरोपी ने पीड़ितों को कपड़े के टुकड़े से गला घोंट दिया, जबकि अन्य मामलों में सिर पर किसी चीज से हमला कर मार देता था.

# बंटेंगे तो कटेंगे' के बाद प्रयागराज महाकुंभ में लगे दिखाई दिए 'डरेंगे तो मरेंगे' के पोस्टर

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी की तरफ से तरह-तरह के नारे सामने आए. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा दिया था. इस पर विपक्षी नेताओं के कड़े विरोध के बीच महाराष्ट्र में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' का नारा दिया था. हालांकि अब चुनाव के बाद और कुंभ से पहले प्रयागराज में इन्हीं नारों से मिलते-जुलते नारों के पोस्टर लगे दिखाई दे रहे हैं.महाकुंभ से पहले लगे ये पोस्टर जगदगुरु रामानंदाचार्य की तरफ से ये पोस्टर लगवाए गए हैं. जनवरी में शुरू होने जा रहे महाकुंभ से पहले इन पोस्टरों को लेकर एक बार फिर विवार गहरा सकता है. रामानंदाचार्य की तस्वीरों के साथ बने ये पोस्टर प्रगयागराज महाकुंभ क्षेत्र में कई जगहों पर लगे देखे जा सकते हैं. इससे पहले 2019 में हुए कुंभ से पहले भी रामानंदाचार्य के ज़रिए राम मंदिर को लेकर भी पोस्टर लगवाए गए थे.हर 12 साल में होने वाला महाकुंभ प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा. ।

# मोहन भागवत नहीं धर्माचार्य लेंगे फैसला, मंदिर-मस्जिद वाले बयान पर बिफरे संत कहा वो संघ के संचालक हो सकते हैं, हिंदू धर्म के नहीं

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के बयान के बाद हिंदू समुदाय में ही उनका विरोध होने लगा है. मोहन भागवत ने हाल ही में एक प्रोग्राम के दौरान कहा था कि कुछ लोग मंदिर-मस्जिद से जुड़ा मुद्दा इसलिए उठाते हैं, ताकि वो खुद हिंदुओं को बड़े नेता के रूप में उभर सकें. इस पर रामभद्राचार्य ने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत बयान हो सकता है, वह संघ के संचालक हो सकते हैं, हिंदू धर्म के नहीं. रामभद्राचार्य के बयान के बाद कुछ और संतों की तरफ से मोहन भागवत के बयान का विरोध किया गया है. अब अखिल भारतीय संत समिति (एकेएसएस) की तरफ से उनके बयान पर टिप्पणी आ गई है.एकेएसएस के महासचिव स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि ऐसे धार्मिक मामलों का फैसला आरएसएस के बजाय 'धर्माचार्यों' (धार्मिक नेताओं) के ज़रिए किया जाना चाहिए. सरस्वती ने कहा, 'जब धर्म का मुद्दा उठता है तो धार्मिक गुरुओं को फैसला लेना होता है और वे जो भी फैसला लेंगे, उसे संघ और विहिप स्वीकार करेंगे.' उन्होंने कहा कि भागवत की अतीत में इसी तरह की टिप्पणियों के बावजूद, 56 नए स्थलों पर मंदिर संरचनाओं की पहचान की गई है, जो इन विवादों में जारी रुचि को रेखांकित करता है. उन्होंने कहा कि धार्मिक संगठन अक्सर राजनीतिक एजेंडे की तुलना में जनता की भावनाओं के जवाब में काम करते हैं.

बता दें कि यह पहली बार है जब मोहन भागवत को उन्हीं के समुदाय के अंदर से बड़ी असहमति का सामना करना पड़ा है. इसके पीछे उनका एक बयान है, जिसमें वो कहते हैं कि , 'मंदिर-मस्जिद से जुड़ा मुद्दा कुछ लोग इसलिए उठाते हैं ताकि वे खुद को हिंदुओं के नेता के तौर पर स्थापित कर सकें. खास तौर पर राम मंदिर के संदर्भ में ऐसी बातें ज्यादा देखने को मिल रही हैं.' भागवत के इस बयान पर मीडिया से बात करते हुए स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि 'उनका यह बयान व्यक्तिगत हो सकता, इससे हमारा कोई लेना देना नहीं है, क्योंकि वो हमारे अनुशासक नहीं है. वो संघ के संचालक हो सकते हैं, हिंदू धर्म के नहीं. 'उन्होने आगे कहा, 'हमारा ध्यान हमेशा धर्म के अनुशासन और सत्य पर रहता है. जहां-जहां हिंदू धर्म के प्रमाणित स्थल हैं, वहां हमारी मौजूदगी होगी. जहां भी प्राचीन मंदिरों के सबूत मौजूद होंगे, हम उन्हें दोबारा स्थापित करने की कोशिश करेंगे. यह हमारे लिए कोई नई कल्पना नहीं है, बल्कि सच की बुनियाद पर हमारी संस्कृति और धर्म का संरक्षण है.

# धूमधाम से मनाया वनवासी कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस



बीपीएस न्यूज

कानपुर। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण का स्थापना दिवस कार्यक्रम बाजार कर्मचारी धर्मशाला एच ब्लाक किदवई नगर, में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमोद नारायण मिश्रा ने स्वागत किया। सीए अवधेष मिश्रा ने सभी का परिचय कराया, व हीरालाल खत्री ने अध्यक्षता की।

मुख्य वक्ता आनन्द (क्षेत्र सह संगठन मंत्री अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम) ने बताया कि इस वनवासी कल्याण आश्रम की स्थापना 26 दिसम्बर 1952 में जशपुर नगर छत्तीसगंड में 5 बालाकों के द्वारा शुरुआत हुई थी और आज पूरे देश में विभिन्न आयामों द्वारा कार्य हो रहा है। आज केवल पूर्वी उत्तर प्रदेश में 16 छात्रावासों में करीब 894 छात्र/छात्राएं रह कर विद्या अध्ययन कर रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश अवस्थी (सासंद) के द्वारा बच्चों को आर्शिवाद प्राप्त हुआ। विशिष्ट अतिथि भवानीभीख (प्रान्त संघ चालक) ने सामाजिक समरस्ता, कुटुम्ब प्रयोद्धन, स्वदेशी पयावरण एवं नागरीक कर्तव्य, के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं उन्होने बाताया कि देश परम वैभव तभी प्राप्त कर सकता है जब सभी वर्ग के लोग जाति-पाति, ऊच-नीच, छोटे-बड़े, आदि का भेदभाव छोड़कर सभी एक हो जाय, तत्त पश्चात् वनवासी समाज के बच्चों को सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाये दी।

ओमप्रकाश अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद दिया। आर0 एस0 एस0 प्रान्त प्रचारक श्रीराम का आर्शीवाद प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सीए सुरेन्द्र कक्क्ड, सलिल नेमानी, डा0 स्नाकान्त, राजेन्द्र कुमार शुक्ला, सीए श्रीर्ष तिवारी, विवेक शुक्ला, अम्बिाकदत्त त्रिपाठी, अजय शंकर दीचित, वीरेन्द्र त्रिपाठी, सीए अवधेष मिश्रा, सुशील निगम, दिनेश कुमार, गरुशंकर, आदित्य दीक्षित, मनोज त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने वाहन चोरों को ट्रैप लगा कर धर दबोचा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कमिश्नर कानपुर के अपराध वा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एसीपी बाबूपुरवा की किदवई नगर टीम को मिली बड़ी सफलता। एसीपी बाबूपुरवा अंजली विश्वकर्मा के निर्देशन में किदवई नगर थाना पुलिस ने वाहन चोरों ट्रैप लगाकर किया गिरफ्तार।सैकड़ों गाड़िया की संख्या में शातिर चोरी कर चुके थे कारे, नेपाल में चोरी करी गई गाड़ियों की बेचते थे शातिर। एसीपी बाबूपुरवा की टीम ने गुजैनी नहर के पास से घेराबंदी कर शातिरों को धर दबोचा ।

चोरी की गई दो कार को शातिर नेपाल भेजने की फिराक में था। पांच दिन पहले लिखा गया था वैगनआर गाड़ी चोरी का मुकदमा। पकड़ने वाली टीम में किदवई नगर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, चौकी प्रभारी प्रवास शर्मा, अभिषेक सोनकर, एसआई यूटी उपेंद्र राय, आरक्षी पंकज पाल की रही अहम भूमिका।साउथ में लगातार गुड वर्क करने वाली टीमों में है थाना किदवई नगर की ये टीम ।

## निशान यात्रा में 351 ध्वज पताकाओं संग भजनों पर थिरके श्रद्धालु

कानपुर। श्याम बिहारी कृपा मंडल के बैनर तले 6 वें श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। दो दिवसीय समारोह के पहले दिन कराचीखान स्थित राजस्थान भवन से गाजे-बाजे के साथ भव्य निशान यात्रा निकाली गई। 351 ध्वजों के साथ महिलाएं श्याम बाबा के दर जाउंगा... लहराते देखे हमने निशान हजारो... जैसे भजनों पर झूमीं।

यात्रा में फूलों से सजे रथ पर बिहारी जी व श्याम बाबा को विराजमान करा आरती कर निशान यात्रा का शुभारंभ किया गया। राजस्थान भवन से सैंकड़ों श्रद्धालुओं के साथ निकली यात्रा बिरहाना रोड, नया गंज चौराहा, जनरलगंज, बजाजा, लाठी मोहाल तिराहा, सिरकी मोहाल, सालासर बालाजी मंदिर, कमला टावर, नील वाली गली होते हुए फीलखाना स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंची। जहां बाबा श्याम को निशान अर्पण कर यात्रा का समापन हुआ। निशान यात्रा में भगवान गणेश का रथ, मुंबई से आए बैंड के 16 कलाकार ढोल की थाप बजाते हुए चल रहे थे। बैंड के पीछे महिला व पुरुष श्रद्धालु चल रहे थे। सड़क पर दूर-दूर तक बाबा श्याम के ध्वज लहराते हुए दिखाई दे रहे थे। भजन मंडली के कुमार श्रवण व गायिका महिमा पांडेय ने निशान दिवाने चले श्याम जी के द्वार... निशान लेके चले मेरे बाबा श्याम का... जैसे भजनों की प्रस्तुतियां दी तो श्रद्धालुओं के पैर अपने आप थिरकने लगे। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।

## पता पूछने पर नशेबाजों ने चलायें गुम्मे, पुलिस ने शांति भंग में किया चालान

कानपुर। कल्याणपुर क्षेत्र में एक अजीब घटना हुई। एक परिवार ने एक नशेबाज से अस्पताल का पता पूछ लिया।इस पर वो इतना गुस्सा गया कि उसने परिवार पर पत्थर चला दिया। नशेबाज ने भागने का प्रयास किया, मगर लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने पूछताछ की तो नशेबाज ने कहा कि अब इनकी इतनी हिम्मत मुझसे पता पूछेंगे। पुलिस ने आरोपी का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया है।घटना कल्याणपुर पनकी रोड की है। यहां पर एक परिवार गुरुवार को अपनी बेटी को अस्पताल दिखाने पहुंचा।अस्पताल के पास पहुंचने पर उन्होंने स्कूटी के पास खड़े रवि नाम के युवक से अस्पताल का पता पूछ लिया। इंस्पेक्टर कल्याणपुर सुधीर कुमार के मुताबिक, युवक बेहद नशे में था। इंस्पेक्टर ने बताया कि परिवार ने पता क्या पूछा युवक उनपर चिल्लाने लगा।

## राष्ट्र व समाज में फैली बुराइयों को समूल समाप्त करने का संकल्प दिवस बना वीर बाल दिवस:ज्योति बाबा

कानपुर। वीर बाल दिवस हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है यह सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के चार युवा पुत्रों साहबजादो की बहादुरी और बलिदान का स्मरण कराता है

1704 में मुगल साम्राज्य द्वारा सिखों के तीव्र उत्पीड़न की अवधि के दौरान बाबा जोरावर सिंह उम्र 9वर्ष बाबा फतेह सिंह उम्र 7 वर्ष को पकड़ लिया गया और उन्हें क्रूर अल्टीमेटम दिया गया इस्लाम में धर्मांतरण करो या मौत का सामना करो असाधारण बहादुरी दिखाते हुए उन्होंने अपने धर्म को त्यागने के बजाय शहादत को चुना व उनका बलिदान न केवल सिख इतिहास का एक मार्मिक अध्याय है बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक सीमाओं को पार करते हुए अपने विश्वासों के प्रति अदम्य साहस और निष्ठा का प्रतीक भी है ।

इसीलिए वीर बाल दिवस पर उत्तर प्रदेश के समस्त परिषदीय स्कूलों के बच्चे नशा मुक्त संकल्प कुंभ लेकर सर्वोच्च बलिदान को सम्मान एवं अविष्मरणीय उद्देश्यपूर्ण बनाएंगे उपरोक्त बात सोसाइटी योग ज्योति इंडिया व बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश के समस्त परिषदीय स्कूलों में वीर बाल दिवस 26 दिसंबर पर आयोजित किए जाने वाले नशा मुक्त संकल्प कुंभ के बारे में पत्रकारवार्ता करते हुए अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी योग गुरू ज्योति बाबा ने कहीं।ज्योति बाबा ने पत्रकारों को बताया कि 26 दिसंबर वीर बाल दिवस पर उत्तर प्रदेश के समस्त परिषदीय स्कूलों के एक करोड़ 70 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राएं भारत के बचपन को नशा, प्रदूषण, कुपोषण, हिंसा, प्लास्टिक व बाल बंधुआ मजदूरी से मुक्ति हेतु जन-जन को जागरूक करने के लिए नशा मुक्त संकल्प कुंभ का आयोजन कर विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे, भारत में उत्तर प्रदेश दुनिया में ऐसा करने वाला पहला राज्य बन जाएगा जहां इतनी बड़ी संख्या में एक साथ प्रार्थना के बाद अपने स्कूल में वीर बाल दिवस पर संकल्प लेकर विशेष रूप से युवा पीढ़ी को उनके देश के समृद्ध इतिहास विरासत और इसके निर्माण में किए गए बलिदानों के बारे में शिक्षित और याद दिलाने का निरंतर कार्य करेगा और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर पियूष रंजन सनातनी ने कहा कि बच्चों के बचपन को नशे के रोग से बचाने हेतु सभी सामाजिक व धार्मिक संघटनों को संयुक्त रूप से आगे आना ही होगा।

चीफ को-ऑर्डिनेटर मनोज शुक्ला महाकाल ने कहा कि सनातन हिंदू परिवार संस्कृति को बचाने के लिए नशे का हर स्तर पर विरोध करते हुए युवा शक्ति को उत्कृष्ट भारतीय सनातन संस्कृति से जोड़ना होगा। मंगलामुखी मन्नत मां ने कहा कि वीर बाल दिवस पर हमें अपने बच्चों को त्याग और बलिदान की प्रेरणा देने के लिए स्वयं उत्कृष्ट उदाहरण बनना होगा ।सोशल एक्टिविस्ट डॉ. वी. एन. पाल ने कहा की ज्योति बाबा के नेतृत्व में इतना बड़ा प्रेरणादाई कार्यक्रम कानपुर के साथ देश के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि हासिल करेगा।

# डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सदस्यों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में दिया धरना

### 24 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा




बीपीएस न्यूज

कानपुर। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आहवाहन पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन कानपुर के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि फार्मासिस्ट की 24 सूत्रीय मांगों पर सरकार को सकारात्मक निर्णय लेते हुए आदेश जारी करने की आवश्यकता है। धरने में उपस्थित सभी फार्मासिस्टों में रोष व्याप्त है। फार्मासिस्टों को चिकित्सा जगत की रीड की हड्डी कहा जाता है। गांव क्षेत्र में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट की अहम भूमिका होती है। अध्यक्ष दिलीप सिंह सचान ने पदों के मानकीकरण पर जोर देते हुए कहा कि मरीजों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए सी.एच.सी. पर चीफ फार्मासिस्ट के 2 पद व फार्मासिस्ट के 3 पद जरूर होने चाहिए।मंत्री विवेक सिंह यादव ने पदनाम परिवर्तन तथा नुक्सा लिखे जाने का अधिकार दिए जाने की मांग पर बल देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अन्य सर्वाग जैसे नेत्र सहायक को नेत्र परीक्षण अधिकारी, स्टाफ नर्स को नर्सिंग अधिकारी का पदनाम दे दिया गया है। उसी प्रकार से फार्मासिस्ट का पदनाम परिवर्तित किए जाने में सरकार को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इससे सरकार पर कोई वित्तीय भार भी नहीं पड़ेगा। धरना दे रहे अन्य फार्मासिस्ट सदस्यों ने सरकार से मांग रखी कि फार्मासिस्टों की 24 सूत्रीय मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार व्यक्त करते हुए इन मांगों का निराकरण कराया जाये। वही मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सोपा गया।

धरने में मुख्य रूप से विमल श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, अजय सिंह, के.के. त्रिपाठी, कुमुदनी त्रिपाठी, सी.बी. सचान, जे.पी. प्रजापति, नगेंद्र वाजपेई, सपना वर्मा, शैलेंद्र सचान, मुकेश शाक्य, देवेंद्र कुमार, आलोक सोनकर, संजीव साहू, नरेंद्र पांडेय, अविनाश यादव, विनोद कनौजिया, अनिल पटेल, दिलीप मिश्रा, राजेश उत्तम, राज कपूर आदि मौजूद रहे।

## उत्पीड़न की शिकार युवती ने की आत्महत्या, 20 दिन बाद भी एफआईआर नहीं

कानपुर। एफएम कालोनी निवासी व्यापारी की बेटी के आत्महत्या के प्रकरण में ग्वालटोली पुलिस ने 20 दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की है। वो भी तब, जब 13 दिसंबर को ही मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश खुद कमिश्नर ने दे दिया था। बता दें की आरोपी दवाओं का थोक व्यापारी है, जिसकी बड़ी दुकान और एजेंसी बिरहाना रोड थोक दवा मार्केट में है। साथ ही शहर के ऐसे शख्स के साथ मिलकर बिल्डरी भी करता है, जिसके यहां महीने भर पूर्व ईडी की छापेमारी भी हुई थी। आरोपी और उसके साथी पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे थे।

एफआईआर दर्ज नहीं करने के पीछे थाना पुलिस पहले जांच पूरी होने का बहाना बना रही है। जबकि मुख्यमंत्री ने ऐसे मामलों में पहले एफआईआर दर्ज करने के आदेश दे रखे हैं। मृतक युवती के अभिभावकों ने आरोपी पर बेटी का यौन उत्पीड़न करने और फिर वीडियो वायरल करके बेटी को सुसाइड के लिए मजबूर कर देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इतना ही नहीं, पीड़ित पिता द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार आरोपी ने उनकी दूसरी नाबालिग बेटी को भी कई बार शिकार बनाने का प्रयास किया। तहरीर के अनुसार अधेड़ उम्र का आरोपी स्कूल और रास्ते में नाबालिग बिटिया का पीछा करता है, फोन पर लगातार स्टॉक करता है। बेटी को मैसेज आदि भेजता है। पुलिसिया शिथिलता के चलते आरोपी का मन बढ़ गया है। बड़ी बेटी की तरह छोटी बेटी को भी अब आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहा है।

विरोध करने पर आरोपी परिवार को धमकियां देता है।

## मंदिरों के संरक्षण, अवैध कब्जे हटाने के लिए सनातन मठ मंदिर रक्षा समिति को ज्ञापन

कानपुर। सनातन मठ मंदिर रक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में प्रदेश महामंत्री गोपाल दीक्षित, उपाध्यक्ष सुधीर द्विवेदी, और जिला अध्यक्ष उमेश तिवारी ने जिलाधिकारी महोदय को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से समिति ने कानपुर नगर में प्राचीन मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों पर हो रहे अवैध कब्जों और अतिक्रमण की गंभीर स्थिति से प्रशासन को अवगत कराया।ज्ञापन में उठाए गए प्रमुख मुद्दे-मंदिरों पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण मंदिरों पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण हुए हैं।

श्री रामजानकी मंदिर और बासमंडी तिराहे पर मौनी बाबा मंदिर की जमीन पर अवैध बहुमंजिला भवन बनाए गए। दलेर पुरवा स्थित श्री ठाकुर जी विराजमान मंदिर की 6000 गज जमीन पर अवैध मकान और दुकानें बनाई गई हैं।मंदिर परिसरों में मांस-अंडे की दुकानें स्थापित की गईं, जो हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाती हैं। राजा यायाति के टीला और गंगा नदी का प्रदूषण जाजमऊ में राजा यायाति के ऐतिहासिक टीला और मंदिरों पर अवैध कब्जा कर लिया गया है।गंगा नदी के बुड़िया घाट पर राजा यायाति के टीला पर बनी अवैध बस्तियों से गंगा में कूड़ा फेंका जा रहा है, जिससे गंगा नदी का जल प्रदूषित हो रहा है।

समिति ने टीले और गंगा के आस-पास की बस्तियों को तत्काल हटाने की मांग की है।संस्था के पदाधिकारियों को खतरा भूमाफिया और कट्टरपंथी संगठनों से संस्था के पदाधिकारियों, विशेषकर जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी 'डब्बू बाबा' को जान-माल का खतरा है। समिति की मांगें सभी मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए।मंदिर परिसरों को पवित्र और अतिक्रमण मुक्त बनाकर उनकी गरिमा बहाल की जाए।गंगा नदी में कूड़ा फेंकने की समस्या पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

मंदिर परिसरों में मांस-अंडे की दुकानों को तत्काल हटाया जाए। प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाए और पूजा-अर्चना के लिए समुचित व्यवस्था की जाए संस्था के पदाधिकारियों को सुरक्षा प्रदान की जाए।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर वंचित समाज के भगवान स्वरूप -राजाराम पाल

बीपीएस न्यूज

कानपुर। अखिल भारतीय पाल महासभा का 32 वां महासम्मेलन राष्ट्रीय इण्टर कालेज किदवईनगर में अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथि सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में पूर्व सांसद राजाराम पाल ने उपस्थित जनसमूह कों संबोधित करते हुये कहा की पाल समाज जब तक एक दल व एक नेता का चुनाव प्रदेश व देश में नही करेगा तब तक समाज का हित होने वाला नही हैं क्योंकि जिस भी समाज ने एक दल या नेता का चयन किया उस समाज के लोग कई बार मुख्यमंत्री बन गये। कार्यक्रम के दौरान उत्तिमा पाल पुत्री सुभाष पाल ने भाभा अनुसंधान आल इंडिया में बैकवर्ड क्लास में प्रथम रैंक प्राप्त किया एव वर्तमान में हैदराबाद में कार्यरत हैं सम्मानित किया गया! बाबासाहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान के द्वारा वंचित समाज कों जों अधिकार दिये उन्हें गृहमंत्री अमित शाह अपमानित कर दलितों पिछड़ों व वंचितों का अपमान कर रहे हैं। भ्रमणकर पाल समाज के अधिक विधायकों कों निर्वाचित कराने का कार्य करूंगा। पाल समाज कों एक नयी दिशा देने के लिये कानपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता व युवा पाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सियाराम पाल ने अपने सुपुत्र की शादी उत्तिमा पाल पुत्री सुभाष पाल के साथ सम्मेलन द्वारा करने की घोषणा कर उपस्थित जनसमूह कों आश्चर्य चकित कर दिया। आपकों अवगत करा दे की उत्तिमा पाल वर्तमान में भाभा अनुसंधान केंद्र में कार्यरत हैं और बैकवर्ड क्लास में पूरे भारत में प्रथम रैंक पाकर चयनित हुई।

कार्यक्रम कों प्रमुख रूप से सत्यदेव पचौरी, सारिका बघेल, मिथिलेश पाल, संपत पाल, बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, सुरेश पाल, राजकुमार पाल, कृष्णमुरारी पाल, राजेश पाल, जगदीश पाल, शिवसिंहपाल, तेजबहादुर पाल, सियाराम पाल एडवोकेट इत्यादि ने संबोधित किया।

## सरकारी प्राथमिक विद्यालय बेकनगंज ( लाल स्कूल ) के आधुनिकीकरण कार्यों का उदघाटन

कानपुर। आर्यनगर विधायक अमिताभ बाजपेई द्वारा विधायक निधि से कराये जा रहे सरकारी प्राथमिक विद्यालय बेकनगंज (लाल स्कूल) के आधुनिकीकरण कार्यों का उदघाटन कारगिल में शहीद मेजर सलमान खान के भाई कामरान खान से कराया गया। स्कूलों के आधुनिकीकरण के प्रयास में पहला स्कूल सरकारी कम्पोजिट विधालय दालमंडी है एवं यह द्वितीय स्कूल सरकारी प्राथमिक विद्यालय बेकनगंज* है जिसमें बच्चों को बेहतर आधुनिक शिक्षा का माहौल जिसमें तकनीकी बोर्ड, उच्च क्वालिटी के फर्नीचर, फाल्ससीलिंग छत, रंग-रोगन, चित्र, पंखे प्राईवेट स्कूलों से भी अच्छी कक्षाएं उपलब्ध कराई गई।इसी के शिक्षा, स्वास्थ्य, बारात शालाएं, खेल के क्रम में अन्य योजनाएं जल्द आपके बीच में होगीं।पार्षद- मो. सारिया, मो.अली, सुशील तिवारी, रजत बाजपेई, फैजान रहमान, प्रधानाचार्य- शगुफ्ता प्रवीन अध्यापक- सीमा, शबाना, वारिस, परवेज वरिष्ठ- हरीओम पांडे, विनय मिश्रा, कुतुबुद्दीन मंसूरी, पप्पन शर्मा, अबरार, रविशंकर मिश्रा, यूनूस बदरे, मोईन खान, तकमील हसन, जावेद हसन, सैय्यद आरिफ, शहजादे, कन्हैया अच्छू, बाबी एहसास, शारिक आदि मौजूद रहे।

## न्यू फेलोशिप चर्च में धूमधाम के साथ मनाया गया क्रिसमस कार्यक्रम

कानपुर। रामादेवी स्थित न्यू फेलोशिप चर्च में धूमधाम के साथ क्रिसमस का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय निवासी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम कराने में मुख्य रूप से पास्टर संतोष शिवपुरी की भूमिका रही। उन्होंने बताया कि क्रिसमस का कार्यक्रम हर वर्ष इसी तरह धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पास्टर संतोष शिवपुरी, पास्टर उमेश, पास्टर सनी, पास्टर शीला यादव, संजय सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# क्रिसमस महोत्सव पर हुआ वार्षिक कार्यक्रम राजा यीशु का आयोजन





कानपुर। न्यू इंडिया चर्च ऑफ कानपुर के द्वारा क्रिसमस महोत्सव का वार्षिक कार्यक्रम राजा यीशु का आयोजन सत्यलोक पैलेस सागरपुर रोड केडीए कॉलोनी नौबस्ता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत चर्च के वरिष्ठ पादरी ए. बी. सिंह की प्रार्थना से हुई एवं आराधना में चर्च की कायर ने प्रभु का धन्यवाद करूंगा उसकी संगति में सदा रहूंगा का गीत गाफर परमेश्वर का धन्यवाद किया एवं कार्यक्रम में चर्च के बच्चों के द्वारा ने कार्यक्रम में वीशु के जन्म की झांकी दिखाई गई बच्चों के द्वारा चमका सितारा देखो चमका सितारा एवं नाचूंगा गाऊंगा पगलों के समान एवं अन्य नाटिका दिखाकर परमेश्वर की महिमा की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यू इंडिया चर्च ऑफ गॉड के रीजनल पावरी जितेन सिंह एवं कानपुर शस्टा एसोसिएशन के महामंत्री ने लोगों को शुभ संदेश देकर संबोधित किया कार्यक्रम में आए हुए लोगों का एवं परमेचर के सेवकों का स्वागत पादरी ए. बी. सिंह एवं मिसेस कल्पना सिंह के द्वारा स्वागत किया गया एवं आए हुए लोगों का धन्यवाद एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन कार्यक्रम में मुख्य रूप से कानपुर पास्टर एसोसिएशन के महासचिव पादरी जितेंद्र सिंह, मिसेस हेलीस सिंह, पादरी अनिल गिलबर्ट, पादरी रवि, पादरी प्रदीप सिंह, पादरी हरि सिंह, पादरी इंद्र कुमार दास, पावरी राकेश मेसी, पावरी भीम सिंह, पादरी बृजेश, ब्रदर दिनेश, ब्रदर अनुरोध सिंह एवं नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# SIP & SAVOUR CAFE & RESTAURANT का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री राकेश सचान द्वारा फीता काटकर किया गया





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। किदवई नगर पुलिस चौकी, गौशाला चौराहे के पास SIP & SAVOUR CAFE & RESTAURANT खुल गया है। जिसका उद्घाटन कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के द्वारा फीता काटकर किया गया। रेस्टोरेंट संचालक तनवीर नियाज व राहुल वाजपेई ने माननीय राकेश सचान कैबिनेट मंत्री का माला पहनकर स्वागत किया।

वहीं रेस्टोरेंट के संरक्षक व कानपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष सरस बाजपेई ने माननीय कैबिनेट मंत्री जी को बुके भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद कानपुर नगर वासियों के लिए रेस्टोरेंट को खोल दिया गया। अब कानपुर नगर के लोग इस रेस्टोरेंट में शुद्ध शाकाहारी व्यंजन टेस्ट का आनंद उठा सकेंगे। टेस्ट और जायके के शौकीन लोगों को एक बार यहां जरूर आना चाहिए। लोगों की पसंद को देखते हुए बहुत ही अच्छा सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। जहां लोग अपनी प्यारी सी सेल्फी ले सकते हैं। रेस्टोरेंट सुबह 10:00 बजे से रात 11:00 बजे तक खुला रहेगा। रेस्टोरेंट का बहुत ही सुंदर डेकोरेशन किया गया है। बर्थडे, मीटिंग, छोटी पार्टी के लिए लोग बुकिंग भी करा सकते हैं।

मैनेजिंग डायरेक्टर बिल्लू ने बताया कि कानपुर दक्षिण का यह पहला रेस्टोरेंट है, जहां लोग नेपोलिटन पिज़्ज़ा का आनंद उठा सकेंगे। नेपोलिटन पिज़्ज़ा वुड फायर ओवन में बनाया जाता है, जो हैंडमेड ओवन है। नेपोलिटन पिज़्ज़ा इटली के नेपल शहर का फेवरेट डिश मानी जाती है। उच्च क्वालिटी का मार्गेरीटा पिज़्ज़ा भी यहां मिलेगा। मार्गेरीटा पिज़्ज़ा की खासियत यह है, कि इसकी डो (लोई) हमेशा ताजी ही बनायी जाती है और मैदा नाम मात्र ही मिक्स किया जाता है और यह पॉकेट बजट मे होता है। रेस्टोरेंट में हर प्रकार की चाइनीज डिशेज के साथ हर प्रकार का साउथ इंडियन भोजन ग्राहकों के लिए उपलब्ध है, जो शुद्ध शाकाहारी है। रेस्टोरेंट संचालक तनवीर नियाज व राहुल बाजपेई ने कानपुर नगर की जनता से गुजारिश की है कि एक बार वह उनके रेस्टोरेंट में आंए और उन्हें सेवा का मौका जरूर दें।

# सनातन मठ मंदिर रक्षा समिति की बड़ी उपलब्धि, नगर निगम करेगा 125 प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सनातन मठ मंदिर रक्षा समिति द्वारा विगत दो वर्षों से कानपुर शहर के मुस्लिम बहुल इलाकों में स्थित जर्जर और उपेक्षित मंदिरों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों को एक बड़ी सफलता मिली है।

नगर निगम कानपुर ने अपनी बैठक में 125 प्राचीन मंदिरों की सफाई, जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया ।इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद नगर निगम अब इन मंदिरों को उनके मूल स्वरूप में बहाल करेगा और सौंदर्यीकरण का कार्य भी सुनिश्चित करेगा। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि यह निर्णय सनातन संस्कृति और धार्मिक स्थलों की रक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है।

महापौर और पार्षदों का आभार सनातन मठ मंदिर रक्षा समिति ने इस पहल के लिए नगर निगम की महापौर प्रमिला पांडेय (अम्मा जी) और समस्त पार्षदों का आभार प्रकट किया है।

समिति के प्रदेश महामंत्री श्री प्रेम दीक्षित गोपाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर द्विवेदी, और जिला अध्यक्ष उमेश तिवारी ने इस प्रस्ताव को पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सभी का धन्यवाद दिया ।125 प्राचीन मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार नगर निगम द्वारा खोजे गए ये मंदिर अब न केवल उनकी जर्जर स्थिति से बाहर आएंगे, बल्कि इनका सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। यह पहल इन मंदिरों के अस्तित्व को पुनर्जीवित करेगी और क्षेत्र में सनातन संस्कृति को मजबूत बनाएगी ।धर्मप्रेमियों के लिए प्रेरणा सनातन मठ मंदिर रक्षा समिति ने इसे धर्मप्रेमी नागरिकों के लिए प्रेरणादायक बताया है।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं, चला अभियान

कानपुर। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में नव वर्ष के दृष्टिगत कानपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शहर के प्रमुख स्थानों पर चेकपॉइंट्स स्थापित किए गए, जहां ब्रेथ एनालाइज़र के माध्यम से जांच की गई। पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व में सभी जोन पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिणी और सेंट्रल में यह अभियान सख्ती से लागू किया गया। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की गई। नागरिकों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें और जिम्मेदारीपूर्वक वाहन चलाएं।

## नगर निगम सदन में चर्चा के लिए दिया अनुरोध पत्र

कानपुर। पूर्व पार्षद फोरम के संयोजक मदन लाल भाटिया ने एक प्रेस बयान में जानकारी देते हुए बताया की कानपुर पूर्व पार्षद फोरम के एक दर्जन से अधिक पूर्व पार्षदों ने नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर मेजर सलमान द्वारा पर एकत्र होकर नगर निगम सदन को जाने वाले पार्षदों को रोक रोक कर बड़े हुए गृहकर एवं असंवैधानिक नामांतरण शुल्क के संबंध में नगर निगम सदन में चर्चा के लिए पत्र सौंपा तथा उनसे कहा कि शहर की जनता का उत्पीड़न ना होने दें। इसी शहर की जनता ने आपको मत देकर नगर निगम में पार्षद चुनकर भेजा है। पूर्व पार्षद फोरम के पार्षदों ने कानपुर नगर की सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक नसीम सोलंकी को भी शहर की जनता के उत्पीड़न के संबंध में मांग पत्र सौंपा तथा आग्रह किया कि आप स्वयं एवं अपने दल के पार्षदों से कानपुर नगर निगम सदन में इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा करने की मांग करें। संयोजक मदन लाल भाटिया ने बताया कि आज नगर निगम मुख्यालय में पहुंचने वाले पूर्व पार्षद ललित मोहन श्रीवास्तव, जानकी वर्मा, अफजाल अहमद, संजीव मिश्रा प्रताप कुमार, दीपक त्रिवेदी, श्याम कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सरकारी प्राथमिक विद्यालय बेकनगंज ( लाल स्कूल ) के आधुनिकीकरण कार्यों का उदघाटन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।आर्यनगर विधायक अमिताभ बाजपेई द्वारा विधायक निधि से कराये जा रहे सरकारी प्राथमिक विद्यालय बेकनगंज (लाल स्कूल) के आधुनिकीकरण कार्यों का उदघाटन कारगिल में शहीद मेजर सलमान खान के भाई कामरान खान से कराया गया। स्कूलों के आधुनिकीकरण के प्रयास में पहला स्कूल सरकारी कम्पोजिट विधालय दालमंडी है एवं यह द्वितीय स्कूल सरकारी प्राथमिक विद्यालय बेकनगंज* है जिसमें बच्चों को बेहतर आधुनिक शिक्षा का माहौल जिसमें तकनीकी बोर्ड, उच्च क्वालिटी के फर्नीचर, फाल्ससीलिंग छत, रंग-रोगन, चित्र, पंखे प्राईवेट स्कूलों से भी अच्छी कक्षाएं उपलब्ध कराई गई ।इसी के शिक्षा, स्वास्थ्य, बारात शालाएं, खेल के क्रम में अन्य योजनाएं जल्द आपके बीच में होगीं ।पार्षद- मो. सारिया, मो.अली, सुशील तिवारी, रजत बाजपेई, फैजान रहमान, प्रधानाचार्य- शगुफ्ता प्रवीन अध्यापक- सीमा, शबाना, वारिस, परवेज वरिष्ठ- हरीओम पांडे, विनय मिश्रा, कुतुबुद्दीन मंसूरी, पप्पन शर्मा, अबरार, रविशंकर मिश्रा, यूनूस बदरे, मोईन खान, तकमील हसन, जावेद हसन, सैय्यद आरिफ, शहजादे, कन्हैया अच्छू, बाबी एहसास, शारिक आदि मौजूद रहे।

### 6000 यात्रियों का नहीं काटा टिकट, 40 परिचालक बर्खास्त

कानपुर। कानपुर शहर में संचालित ई-बसों में बिना टिकट सवारियां ढोने के आरोप में कानपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (केसीटीएसएल) के मुख्य संचालन अधिकारी ने 40 परिचालकों को बर्खास्त कर दिया है। यह खुलासा इन्हीं ई-बसों में लगे कैमरों की निगरानी से हुआ है। इस खेल को पकड़ने के लिए अहिरवां और नगर निगम में बने अत्याधुनिक मॉनीटरिंग सेंटर का भी सहयोग लिया गया।

# सेना सहित पुलिस की तैयारियां कर रहे अभ्यर्थियों का हुआ निशुल्क मेडिकल चेकअप

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।कानपुर डिफेन्स फिजिकल एकेडमी में छात्र छात्राओं एवं सेना सहित पुलिस की तैयारियां कर रहे अभ्यर्थियों का निशुल्क मेडिकल जांच कैंप आयोजित किया गया। शुभारंभ डायरेक्टर सौरभ शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डायरेक्टर सौरभ शुक्ला ने बताया कि एकेडमी में कुलवंती हॉस्पिटल एवं पालीवाल क्लीनिक तथा आर्मी टीम के द्वारा तकरीबन 500 बच्चो की निशुल्क जांचे की गई। मेडिकल कैंप में बॉडी चेकअप बीपी शुगर ब्लड प्रेशर सहित पूरे शरीर का चेकअप किया गया। डायरेक्टर सौरभ शुक्ला ने बताया कि कानपुर डिफेन्स फिजिकल एकेडमी उत्तर प्रदेश की सबसे तेज सर्वोत्तम शिक्षण संस्थान है। जहा अभी तक तकरीबन 10 हजार से अधिक छात्र छात्राओं ने विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी नौकरी पाकर नाम रोशन किया है। श्री शुक्ला के मुताबिक इन दिनों पड़ रही भीषण ठंड में भी छात्र छात्राएं सुबह सवेरे ग्राउंड पर आकर अभ्यास करते है। उन्होंने बताया की शिक्षा की जड़ कड़वी है परंतु उसके फल मीठे हैं जितना कठिन संघर्ष होगा जीत भी उतनी ही शानदार होगी। आपके जीवन में जितने संघर्ष होगे आप उतने ही चमकदार प्रदर्शन कर सकेगे। मेडिकल कैंप में छात्र छात्राओं ने भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के जोरदार नारे लगाकर जोश भरने का कार्य किया। इस मौके पर मुख्य रूप से डायरेक्टर सौरभ शुक्ला विपिन यादव आदित्य शुक्ला तृप्ती तिवारी राजू बॉक्सर तथा मेडिकल चेकअप डा रीना सचान रवि दिव्या ने किया। समापन डायरेक्टर सौरभ शुक्ला के द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट कर किया गया।

# कलेक्टरगंज संयुक्त व्यापार मंडल के त्रिवार्षिक चुनाव हुए संपन्न

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कलेक्टरगंज संयुक्त व्यापार मंडल के त्रिवार्षिक चुनाव अनाज भवन कलेक्टरगंज मैदान में प्रातः 10:00 बजे से चुनाव अधिकारी सरताज अहमद महेंद्र गुप्ता और सुशील गुप्ता की देखरेख में शुभारंभ हुआ मतदाताओं के अंदर भारी उल्लास देखा गया तथा मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया 135 मतों से में से 128 मत डाले गए ।मतगणना 4:00 बजे से प्रारंभ हुई जिसमें अध्यक्ष पद पर रोशन गुप्ता को 72 प्राप्त होकर प्रथम स्थान मिला द्वितीय स्थान पर संजीव अग्रवाल को 53 मत प्राप्त हुए उपाध्यक्ष पद पर 80 मत तथा दूसरे स्थान पर मनोज साहू को 46 मत प्राप्त हुए दूसरे स्थान पर पवन गुप्ता को 25 मत प्राप्त हुए

कोषाध्यक्ष पद पर 80 मत पाकर अशीष गुप्ता प्रथम स्थान पर रहे 47 मत प्रकार कार्तिक गुप्ता दूसरे स्थान पर रहे आज के चुनाव में कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील बजाज व कृपा शंकर त्रिवेदी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई व शुभकामनाएं दी आज के चुनाव में मुख्य रूप प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने आकर सभी उम्मीदवारों को अपना आशीर्वाद दिया से रामेश्वर गुप्ता लाला भैया राकेश सिंह राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से रहे।

# वीरबाल दिवस पर एक करोड़ 70 लाख बच्चों ने नशा मुक्त संकल्प कुंभ को लेकर रचा इतिहास :ज्योति बाबा

कानपुर/लखनऊ। खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह ने चार कुरीतियो में से एक तंबाकू का सेवन न करने का संदेश दिया, इस संबंध में एक बहुत सुंदर कथा है एक बार गुरु गोविंद सिंह साहब अपने शिष्यों के साथ कहीं जा रहे थे रास्ते में उन्होंने तंबाकू के पौधे को देखकर अचानक अपने घोड़े को रोक लिया घोड़े से उतरकर गोविंद सिंह जी ने तंबाकू के पौधे को उखाड़ कर फेंक दिया, जब शिष्यों ने पूछा गुरुजी आपने ऐसा क्यों किया तब गुरु गोविंद सिंह ने जवाब दिया शराब एक पीढ़ी को बर्बाद करती है लेकिन तंबाकू तमाम पीढ़ियों को भी तबाह कर देती है उपरोक्त बात सोसाइटी योग ज्योति इंडिया व बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के ड्रग्स फ्री उत्तर प्रदेश संकल्प को साकार करने तथा माननीय बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह जी के कुशल मार्गदर्शन में वीर बाल दिवस पर उत्तर प्रदेश के समस्त परिषदीय स्कूलों में वीर बाल दिवस पर सफलतापूर्वक आयोजित नशा मुक्त संकल्प कुंभ के समापन के बाद नेतृत्व करते हुए अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी योग गुरू ज्योति बाबा ने कही ।ज्योति बाबा ने जोर देकर कहा कि भारत की गौरवमयी परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए तथा 2047 तक विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में भारत को लाने हेतु बचपन को नशा, प्रदूषण, कुपोषण, हिंसा, प्लास्टिक व बाल बंधुवा मजदूरी से बचाना हमारा नैसर्गिक कर्तव्य है। प्रमुख संयोजक डॉ प्रवीण ने कहा कि सनातन हिंदू युवाओं को नशे के रोग में एक बड़े षड्यंत्र के रूप में फसाया जा रहा है ताकि भारत आर्थिक व आध्यात्मिक महाशक्ति ना बन पाए चीफ प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर दिनेश लोधी व पीयूष रंजन सनातनी ने कहा यह



बहुत दुखद है कि बड़ी संख्या में हमारी बच्चियों हुक्काबार की शोभा बन रही हैं इसीलिए हर परिवार में तनाव, कुंठा व हताशा दिखाई दे रही है ज्योति बाबा के नशा मुक्त भारत अभियान को हम सबको तन, मन व धन से समर्थन देना ही होगा। अन्य प्रमुख मनोज शुक्ला महाकाल, नवीन गुप्ता, आशुतोष मिश्रा, अरुण शुक्ला, गीता पाल इत्यादि थी।

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

विज्ञापन कार्यालय-130/4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता
(विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941







बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।